


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-82 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 06 मई 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

## पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने दोहराई बदला लेने की बात, बोले- देश पर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे



नई दिल्ली,(आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि एक रक्षा मंत्री के तौर पर यह उनका दायित्व है कि वे सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा, मेरा यह दायित्व है कि अपनी सेना के साथ मिलकर देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली, दृढ़ता और जोखिम उठाने के भाव का जिक्र करते हुए कहा कि देशवासी जैसा चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों को सजा दी जाएगी।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दोषियों को सजा दिलाने का संकल्प लिया था और केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं।

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने 'राजनीति' शब्द के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह शब्द 'राज' और 'नीति' से मिलकर बना है, लेकिन दुर्भाग्य से अपना मूल अर्थ खो चुका है। उन्होंने पूज्य संतों से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि वे भारत की राजनीति में इसके सही अर्थ को पुनः स्थापित करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने भारत की ताकत को परिभाषित करते हुए कहा कि यह केवल सशस्त्र सेनाओं में नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और आध्यात्मिकता में भी निहित है। उन्होंने कहा कि भारत सही मायने में तभी विकसित बनेगा जब वह आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होगा। उन्होंने राष्ट्र की तुलना शरीर से करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम शरीर की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार संत राष्ट्र की आत्मा की रक्षा करते हैं। राष्ट्र की आत्मा की रक्षा तभी संभव है जब हम अपनी संस्कृति, मूल्यों और आध्यात्म से जुड़े रहें। भारत की भूमि वीर अर्जुन जैसे योद्धाओं की भी है और भगवान बुद्ध जैसे महायोगियों की भी।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, पुंछ जिले में तलाशी अभियान के दौरान 5 आईईडी बरामद


श्रीनगर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई है। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरनकोट के जंगलों में संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 5 आईईडीबरामद किए, जिनमें 3 टिफिन बॉक्स और 2 स्टील की बाल्टियों में विस्फोटक सामग्री छिपाई गई थी। इसके अलावा एक 5 लीटर का गैस सिलेंडर, दो वायरलेस सेट, एक दूरबीन, दो ऊनी टोपी और तीन काली पैंट भी बरामद हुई हैं।इस कार्रवाई के बाद खुफिया एजेंसियों ने इनपुट दिया है कि श्रीनगर सेंट्रल जेल और जम्मू की कोट बलवाल जेल में आतंकी हमला हो सकता है। इन जेलों में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी और ओवर ग्राउंड वर्कर बंद हैं। इनपुट के आधार पर जेल परिसरों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। डीजी ष्टढ्ढस्न्र ने रविवार को श्रीनगर में सुरक्षा ग्रिड के अधिकारियों से मुलाकात कर हालात की समीक्षा की और सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला जिले के रामनगर किला में आयोजित आदि उत्सव में जनजातीय युवाओं के साथ।

## आप मामले की संवेदनशीलता को नहीं समझते, पहलगाम हमले में दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए याचिकाकर्ता के वकील को जमकर फटकार लगाई। याचिकाकर्ता के वकील को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह की



याचिका प्रचार पाने के लिए लगाई जाती है। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिका कर्ता के वकील से पूछा कि ऐसी जनहित याचिका आपने क्यों दायर की है? आपका असली मकसद क्या है? क्या आप इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझ पा रहे है? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों को निशाना बनाया गया है। इसलिए यह याचिका लगाई है कि पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई निर्देश जारी की जाए।इस बीच, सिक्योरिटी फोर्सेस ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाना खोजा है। यहां 5 IED, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े भी बरामद हुए हैं। पुंछ के सुरनकोट में मारहोट गांव में यह ठिकाना मिला। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह आतंकियों के छिपने की जगह है।

# बेमौसम बारिश से मप्र तरबतर

**24 घंटे में 50 शहरों-कस्बों में गिरा पानी अशोकनगर में आंधी से टावर गिरा, 16 जिलों में बारिश, ओले गिरे**



भोपाल (ए.)। मप्र में सोमवार को भी तेज आंधी, ओले और बारिश का दौर जारी रहा। शाजापुर, नीमच, सीहोर में ओले गिरे, जबकि गुना में आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि शादी का टेंट तक उड़ गया। अशोकनगर में एक मोबाइल टावर गिर गया। भोपाल, ग्वालियर, मंदसौर, रायसेन, विदिशा, रतलाम, भिंड, छतरपुर, मऊगंज,पन्ना, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। धूलभरी आंधी चली। ग्वालियर-सतना में 3 मिमी, गुना-नौगांव में 2 मिमी, रायसेन में 5 मिमी, छिंदवाड़ा में 1 मिमी, खजुराहो में 4 मिमी दर्ज की गई। बाकी जिलों में भी बारिश हुई, पर कम पानी गिरने से वह दर्ज नहीं हो सकी।

मप्र में बीते 24 घंटे में 50 शहरों-कस्बों में पानी गिरा। रायसेन में धूलभरी आंधी चली। अगले 12 घंटे के अंदर ग्वालियर-चंबल संभाग में ओले गिरने का अलर्ट है। इनमें मुरैना, गुना, विदिशा, ग्वालियर, शिवपुरी जिले के साथ पन्ना भी शामिल हैं। यहां गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। साथ ही 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। इसी तरह श्योपुर, भिंड, अशोकनगर, विदिशा, राजगढ़, आगर-मालवा, शाजापुर, खंडवा, छतरपुर, सतना, मैहर में हल्की बारिश हो सकती है। कटनी, सिवनी, मंडला, उमरिया, शहडोल, भोपाल, छिंदवाड़ा और रीवा जिलों में भी मौसम बदला रहेगा।

### कई शहरों में तापमान में गिरावट

इधर, अधिकांश शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। रायसेन सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 27.4 डिग्री पहुंच गया। एक ही दिन में 8.6 डिग्री की गिरावट हुई है। उज्जैन में 5.5 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 35.5 डिग्री पर आ गया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में भी पारे में गिरावट हुई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणाम करेंगे घोषित

**वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध रहेगा**

भोपाल ( ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 मई 2025 को प्रातः 10 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर



सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। निम्न वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे। https://mpbse.mponline.gov.in,https://www.digilocker.gov.in/web/dashboard/issuers,www.jagranjosh.com, https ://education. indiane&press com, https://www.fastresult.in , https://www.hindustantimes.com/education www.livehindustan.com

## पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात, कहा- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ रूस



नई दिल्ली,(आरएनएस)। विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना याचिका की खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस के बारे में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि हमारे कंधे चौड़े हैं और हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते।भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर रिट याचिका को सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। याचिका में सुप्रीम कोर्ट और सीजीआई संजीव खन्ना पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए दुबे पर अवमानना कार्यवाही करने की मांग की गई थी।सुनवाई के दौरान सीजीआई ने कहा- हमारे कंधे मजबूत हैं, हम याचिका पर विचार नहीं करना चाहते हैं।याचिकाकर्ता ने कहा कि यह अदालत और जजों की गरिमा का सवाल है। याचिका में विशाल तिवारी ने निशिकांत दुबे के बयान को कोर्ट के लिए अपमानजनक और निंदनीय बताया था। पीठ ने याचिकाकर्ता विशाल तिवारी की दलीलों पर कहा कि हम फिलहाल कोई दलील या बहस नहीं सुनना चाहते लेकिन हम एक शॉर्ट ऑर्डर पास करेंगे।

## पाकिस्तानी हैकर्स का साइबर युद्ध, भारतीय रक्षा वेबसाइट्स पर हमला कर संवेदनशील डेटा चुराने की कोशिश



नई दिल्ली(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक और सैन्य तनाव लगातार बना हुआ है। इसी तनाव के बीच अब साइबर स्पेस में भी दोनों देशों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान स्थित कई साइबर समूहों ने भारत की रक्षा वेबसाइट्स को निशाना बनाकर बड़े साइबर हमले किए हैं। रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इन हैकर्स ने भारतीय सुरक्षा कर्मियों की संवेदनशील जानकारी, विशेष रूप से उनके लॉगिन पासवर्ड्स तक पहुंचने की कोशिश की है।जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी हैकर्स ने मिलिट्री इंजीनियर सर्विस (MES), मनोहर पार्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (MP-IDSA) और रक्षा मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आर्म्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (AVNL) जैसी महत्वपूर्ण रक्षा संबंधी वेबसाइट्स और प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बनाया है। 'पाकिस्तानी साइबर फोर्स' नामक एक सोशल मीडिया हैंडल, जिसे अब हटा दिया गया है, ने इन हमलों की जिम्मेदारी लेने का दावा किया था। इस समूह ने दावा किया था कि उन्होंने MES और MP-IDSA के संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना ली है। समूह ने AVNL की वेबसाइट को भी हैक करने की कोशिश की बात कही थी। हैकर्स ने कथित तौर पर अपने दावों के समर्थन में कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की थीं।





## किसानों ने किया प्रदर्शन का ऐलान, सीएम मान का सख्त स्टैंड, आम जनता को परेशान नहीं होने दूंगा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। किसानों ने एक तरफ 6 मई को प्रदर्शन का ऐलान किया है वहीं इस प्रदर्शन से पहले किसान नेता जगजीत डल्लेवाल समेत कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस टीम सोमवार तड़के 4 बजे ही उनके फरीदकोट स्थित घर पहुंच गई। डल्लेवाल ने खुद सोशल मीडिया पर लाइव आकर इसकी जानकारी दी। वहीं, पंजाब में आए दिन हो रहे धरनों, सड़कों के जाम और रेल रोको आंदोलनों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सख्त रुख अपनाते हुए सीधे चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि अब आम जनता को परेशान करने वाले किसी भी प्रदर्शन, हड़ताल या धरने को जनविरोधी गतिविधि माना जाएगा। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि संस्थाओं, संगठनों, जत्थेबंदियों और यूनियन ध्यान दें.. अगर आपने भी विरोध करना है तो इसके और भी कई तरीके होते है, सिर्फ लोगों को तंग करना सही नहीं है, वरना सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## फ्लश बटन दबाते ही तेज धमाके के साथ फट गई टॉयलेट सीट, निकलने लगी आग की लपटें; युवक का हो गया ऐसा हाल



ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर के सेक्टर-36 में एक बेहद चौंकाने वाली और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मकान के बाथरूम में टॉयलेट सीट अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। इस हादसे में उस वक्त टॉयलेट का इस्तेमाल कर रहा एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया है। घटना के पीछे सीवर लाइन में जमा हुई मीथेन गैस के कारण विस्फोट होने की गंभीर आशंका जताई जा रही है, जिसने शहर के सीवर सिस्टम की खामियों को उजागर किया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सेक्टर-36 के मकान नंबर सी-364 में बीते शनिवार दोपहर हुई। मकान मालिक सुनील प्रधान ने बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा आशू नागर जो कि एक छात्र है, शनिवार दोपहर बाथरूम गया था। शौच के बाद जैसे ही उसने वेस्टर्न स्टाइल की टॉयलेट सीट का फ्लश बटन दबाया, तभी अचानक जोरदार धमाके के साथ सीट फट गई और आग की लपटें निकलनी शुरू हो गईं।

विस्फोट और आग की चपेट में आने से छात्र आशू नागर का चेहरा, हाथ, पैर और शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गए। उसकी हालत इतनी गंभीर है कि डॉक्टरों के मुताबिक चेहरे और हाथों की त्वचा तक उतर गई है। घायल आशू को आनन-फानन में इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसे ठीक होने में लंबा समय लगने की आशंका है।इस दर्दनाक हादसे के पीछे सीवर लाइन में बनी मीथेन गैस को मुख्य वजह माना जा रहा है। आईटीएस कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर समीर कुमार सिंह ने बताया कि सीवर सिस्टम में उचित वेंटिलेशन पाइप (गैस निकासी पाइप) न होने पर मीथेन गैस अंदर जमा होती रहती है।

## पंजाब विधानसभा में पानी पर संग्राम, आप विधायक ने बीबीएमबी के ऑर्डर की कॉपी फाड़ी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब और हरियाणा के बीच भाखड़ा नहर के पानी को लेकर चल रहे गहन विवाद के बीच आज (5 मई) पंजाब विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। इस सत्र का मुख्य एजेंडा हरियाणा को भाखड़ा नहर से पंजाब का पानी न देने संबंधी प्रस्ताव पारित करना है। इसके साथ ही, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के पानी बंटवारे संबंधी फैसले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी सदन में लाए जाएंगे। सत्र की शुरुआत में हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन में पानी के मुद्दे पर चर्चा शुरू हुई, जिसने राजनीतिक गर्माहट बढ़ा दी है। आम आदमी पार्टी ( AAP) के विधायक अमृतपाल सुखानंद ने BBMB के पानी संबंधी फैसले को गैरकानूनी बताते हुए सदन में उसकी एक कॉपी फाड़ दी। उन्होंने तर्क दिया कि पंजाब, जो कभी पांच दरियाओं की धरती कहलाता था, अब केवल तीन दरियाओं पर निर्भर है और उसके पास हरियाणा को देने के लिए पानी बचा ही नहीं है। सदन के भीतर बहस के कई तीखे दौर देखे गए। सुखपाल खैहरा को बोलने का मौका दिए जाने को लेकर कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा और डिप्टी स्पीकर जयकिशन रोड़ी के बीच भी जोरदार बहस हुई। बाजवा ने खैहरा को बोलने की अनुमति देने पर जोर दिया, जिस पर डिप्टी स्पीकर ने कहा कि उन्हें बाद में मौका दिया जाएगा। इससे पहले, प्रताप सिंह बाजवा और क्क विधायक गुरप्रीत सिंह के बीच पुरानी सरकारों की पानी संबंधी गलतियों के लिए माफी मांगने को लेकर भी गरमागरम बहस हुई।

# राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**>>> सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए**

**>>> प्रदेश में सुगमता से उपलब्ध हों अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंस**

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और म.प्र. राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रमुख मिनेश शाह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस. रघुपति, महाप्रबंधक संजय गोबानी सहित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गौशालाएं विकसित की



जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गौशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गौशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है। निर्देशानुसार प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कव्हरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में प्रदेश के कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है। सम्पूर्ण डेयरी वैल्यू चेन के डिजिटलाईजेशन के अंतर्गत ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन सिस्टम का क्रियान्वयन प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश डेयरी विकास योजना के अंतर्गत डेयरी सहकारी कव्हरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ ही दूध और दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिल्क पार्लर स्थापना, ब्राण्ड प्रमोशन, मार्केट स्टडी प्रस्तावित है। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विशेषज्ञतापूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही राज्य शासन की किसान कल्याण योजनाओं की डेयरी सहकारी संस्थाओं के समन्वय से क्रियान्वयन के लिए भी पहल होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल की जयंती पर किया नमन

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड के वीर सपूत, साहस, शौर्य और देशभक्ति के पर्याय, श्रद्धेय महाराजा छत्रसाल की जयंती पर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन अनंतकाल तक प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र के उत्थान में योगदान देने की प्रेरणा देता रहेगा।

## लव जिहाद के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने अफसरों से बात की

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल के निजी कॉलेज की हिंदू छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और लव जिहाद के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग भी सक्रिय हो गया है। रविवार को महिला आयोग की टीम ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

केस की जांच कर रही एसआईटी के अधिकारियों को तलब किया गया। बताया जा रहा है कि भोपाल के होटल रेडिसन में महिला आयोग की टीम और पुलिस अधिकारियों के बीच इस केस को लेकर चर्चा हुई। अगले 3 दिन तक राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भोपाल में ही रहेगी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुना जाएगा। आयोग की टीम रेप पीड़िताओं और उनके परिजन से भी मुलाकात कर चर्चा कर सकती है। महिला आयोग की टीम सभी पक्षों को जरूरी सुझाव भी देगी। आयोग सुनिश्चित करेगा कि पीड़ितों को न्याय मिले और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस की अब तक की कार्रवाई का स्टेटस भी टीम लेगी।

## भोपाल में तेज बारिश, कई जगह बिजली गुल

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है। रविवार को भोपाल आंधी-बारिश के चलते कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 3 दिन यानी, 7 मई तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। भोपाल में धूल भरी हवा चलने की संभावना है। शनिवार को धूल भरी आंधी ने पूरे भोपाल को अपनी आगोश में ले लिया था।

## चित्रगुप्त भगवान की आरती में शामिल हुए विधायक सबनानी

भोपाल(आरएनएस)। भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर चित्रगुप्त नगर कोटरा में स्थित मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, आरती में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी सम्मिलित हुए। मां इरावती चित्रगुप्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक न्याय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि आज के इस शुभ अवसर पर में सभी कायस्थ समाज के सामाजिक बंधुओ के साथ ही सभी प्रदेशवासियों को शुभकामना देता हूं,और भगवान श्री चित्रगुप्त के चरणों में नमन करते हुए सभी की सुख शांति की कामना करता हूं, हमें बचपन से बताया गया है कि मनुष्य अपने कर्मों से ही श्रेष्ठ बनता है, वर्तमान समय में भी लोग अपने काम की वजह से ही पहचान बनाते हैं और समाज में उनका काम ही उन्हें सम्मान दिलाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने काम के प्रति निष्ठावान होना चाहिए और समर्पित भाव से अपने काम को करना चाहिए, मैं पुनः सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।इस अवसर पर राजेश वर्मा, ओपी श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## योग गुरु पद्म श्री शिवानन्द बाबा के निधन पर उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने शोक व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने योग गुरु पद्मश्री शिवानन्द बाबा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री शिवानंद बाबा ने योग के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी योग शिक्षा ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया और योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में स्थापित करने में मदद की।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि पद्मश्री शिवानन्द बाबा को उनके योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया, जो उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना का प्रतीक है।

## चित्रगुप्त मंडल वेल्फेयर भेल द्वारा श्री चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्योतसव मनाया



भोपाल(आरएनएस)। श्री चित्रगुप्त मंडल वेल्फेयर भेल द्वारा 4/5 को श्री चित्रगुप्त भगवान प्राकट्योतसव दिवस भवानी धाम फेस 2 मे मनाया मुख्य अतिथि संजीव सक्सेना अपर महाप्रबंधक पत्नि श्रीमति विनिता सक्सेना सहसंरक्षक मनोज श्रीवास्तव पूर्व महाप्रबंधक पत्नि श्रीमती विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव ने 108 दीपो से महाआरती की वरिष्ठ चित्राश सम्मान अन्य पुरूस्कार वितरण किये अध्यक्ष आर के खरे ने स्वागत श्रीमति वंदनाश्रीवास्तव ने संचालन किया आर के श्रीवास्तव,अमन वर्मा,सुजीत खरे,ओ पी खरे,श्रीमति कामनी श्रीवास्तव,श्रीमति पुनीता श्रीवास्तव, राकेश खरे,श्रीमति अनुपमा सिन्हा अन्य कायस्थ बंधु उपस्थित रहे।

## नाबालिक किशोरी से बेड टच करने वाले को 5 साल की जेल

भोपाल(ए.)। राजधानी के थाना अशोका गार्डन इलाके में साल 2022 में नाबालिग किशोरी से बेड टच के आरोपी को सुनवाई पूरी होने अदालत ने दोषी करार देते हुए पॉच साल के सश्रम कारावास की सजा दिये जाने का फैसला सुनाया है। यह आदेश कुमुदिनी पटेल विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने दिया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है। ज्योति कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया की 26 जून 2022 को पीडिता की मॉ ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की उसकी सात साल की बेटी अपने पिता के साथ 26 जून 2022 की सुबह 11:30 से 12 बजे बाल कटाने के लिये किंग कॉस्मो हेयर कटिंग सैलून गई थी। वहॉ कंटिग करते समय आरोपी जैद ने उसके साथ प्रायवेट पार्ट पर कई बार बच्ची बेड टच किया था।

## ढाबा संचालक ने बेटो, कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिसकर्मियो को लाठी-डंडों, चिमटा, झारों से पीटा

### -कैबिन में बैठने को लेकर हुआ था विवाद, वर्दी भी फाड़ी



भोपाल(ए.)। शहर के ईटखेड़ी थाना इलाके में स्थित चौरसिया ढाबे पर निशातपुरा थाने के दो सिपाहियों के साथ ढाबा संचालक ने अपने दो बेटो और कर्मचारियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। बताया गया है की दोनों सिपाही ढाबे पर खाना खाने पहुंचे थे। यहां एक केबिन में बैठने को लेकर ढाबा संचालक से उनका विवाद हो गया था। ईटखेड़ी थाने में एफआईआर दर्ज नहीं होने पर निशातपुरा पुलिस ने जीरो पर मामला कायम कर केस डायरी ईटखेड़ी पुलिस को भेजी इसके बाद ईटखेड़ी पुलिस ने असल कायमी की है। पुलिस के मुताबिक 3 अप्रैल की रात ड्यूटी समाप्त होने के बाद निशातपुरा थाने में पदस्थ आरक्षक मोहित राठौर और महेश दांगी रात करीब 11 बजे बाइक से लांबाखेड़ा बायपास स्थित चौरसिया ढाबे पर रात 11 बजे खाना खाने पहुंचे थे। यहां बने केबिन में होटल संचालक मोहित चौरसिया बैठे हुए थे।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के छात्र ने दी आत्महत्या की चेतावनी

भोपाल (आरएनएस)। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के इंजीनियरिंग संस्थान में छात्र हॉस्टल को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। एक बायोटेक छात्र ने यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत भेजते हुए सीनियर छात्रों पर रैगिंग, लड़कियों को लाने और शराब पार्टी जैसी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाया है। छात्र ने यह भी लिखा कि यदि कोई एक्शन नहीं लिया गया तो वह आत्महत्या जैसा कदम उठा सकता है। इस शिकायत ने विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों में हलचल बढ़ा दी है। हालांकि, सीनियर छात्रों और कई जूनियर्स ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए इसे एक राजनीतिक साजिश करार दिया है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

छात्र द्वारा यह शिकायत शनिवार रात दर्ज कराने की बात सामने आई है। लेकिन मामला तब सामने आया जब रविवार शाम यूजीसी ने शिकायत पत्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को भेजा। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि मामले की तत्काल जांच कर शीघ्र रिपोर्ट दी जाए।

बायोटेक डिपार्टमेंट के छात्र ने यूजीसी को भेजी शिकायत में कहा है कि हॉस्टल में सीनियर्स रात में लड़कियों को लाते हैं और शराब पार्टी करते हैं। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और बार-बार अपने ग्रुप में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।

## सेवानिवृत्त उप संचालक जनसंपर्क श्री नीरज शर्मा को दी श्रद्धांजलि



भोपाल (आरएनएस)। जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त उप संचालक श्री नीरज शर्मा को सोमवार को जनसम्पर्क संचालनालय में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए जनसंपर्क अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर अपर संचालक जी.एस. वाधवा संजय जैन, संयुक्त संचालक पंकज मित्तल, मुकेश मोदी, उपसंचालकअरुण राठौर, क्रांति दीप अलूने, उप संचालक टी.के. चटर्जी, श्रीमती बिंदु सुनील, श्रीमती बबीता मिश्रा,संतोष मिश्रा, दुर्गेश रायकवार, मुकेश दुबे, अरुण शर्मा, सुनील वर्मा, सहायक संचालक राजेश पांडेय, सुश्री सोनिया परिहार आदि उपस्थित थे।

## *नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते*

*ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से की लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील*

*भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। प्री-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।*

# विश्व हाथ स्वच्छता दिवस - समझाए गए हाथ धोनें के सात चरण

### *समर कैम्प में भी बच्चों नें सीखी हैंड हाइजीन एक्टिविटीज*




भोपाल (निप्र)। हाथों को स्वच्छ रखकर बीमारियों को दूर रखने के उद्देश्य से वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे सोमवार को मनाया गया। जिसमें हाथ धोने की सही विधि, हैंड वॉशिंग स्टेप्स, हाथों को धोने से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों एवं परिजनों को हाथ धोने की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अस्पतालों के पी.एन.सी. वार्ड में भर्ती महिलाओं एवं उनके परिजनों को नवजात शिशु के पालन पोषण के दौरान हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखे जाने के संबंध में परामर्श प्रदान किया गया। एन.आर.सी. एवं एस.एन.सी.यू. एवं पी.आई.सी.यू.में भर्ती बच्चों के परिजनों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

जिले में संचालित विभिन्न समर कैम्प में आने वाले बच्चों को हाथों को धोने की प्रक्रिया लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से समझाई गई। खाने से पहले, शौच के बाद, हाथों के गंदे दिखने, बाहर से खेलकर आने, छींकने, खांसने, जानवरों को छूने के बाद हाथ धोने के महत्व को समझाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हैंड हाइजीन डे हेतु इस वर्ष "It might be gloves. It's always hand hygiene" की थीम निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से लोगों को उचित समय पर और सही ढंग से हाथों की स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन की रिपोर्ट के अनुसार ठीक ढंग से हाथों की सफाई रखकर डायरिया को 30% तक और श्वसन तंत्र से जुड़ी समस्याओं जैसे सर्दी इत्यादि को 20% कम किया जा सकता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इलनेस के कारण बच्चों की स्कूल से अनुपस्थित को भी कम किया जा सकता है। नियमित रूप से एवं ठीक ढंग से हाथों को धोकर डायरिया, पेट दर्द, उल्टी, कुपोषण, कृमि संक्रमण, फ्लू, त्वचा संबंधी रोग, आंखों से जुड़ी बीमारियों की संभावना को कम किया जा सकता है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि कई तरह के वायरस एवं बैक्टीरिया हमारे हाथों के माध्यम से मुंह तक पहुंचते हैं और शरीर के अंदर पहुंचकर विभिन्न बीमारियों को जन्म देते हैं। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, इसलिए माताओं को साबुन से हाथ धोकर ही खाना खिलाना या स्तनपान करवाना चाहिए। होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर ग्रहभेंट के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सबसे पहले हाथ धुलाई की जानकारी दी जाती है।

## भवन स्वामी दण्ड से बचने के लिये 31 दिसम्बर के पूर्व फायर प्लॉन प्रस्तुत करें

भोपाल (आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में निश्चित ऊँचाई से बड़े भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के इंतजामों का निरीक्षण करने और नियमों की अनदेखी करने वाले भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता दिये जाने के लिये कहा है।

प्रदेश में फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार भवन स्वामी अब 31 दिसम्बर, 2025 तक फायर प्लॉन प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर सकेंगे। नियत तिथि के बाद फायर प्लॉन प्रस्तुत नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध दण्ड के अधिरोपण की कार्रवाई नियत नियम के अनुसार की जायेगी।

निर्देशों में कहा गया है कि फायर सेफ्टी प्लॉन के कण्डिका क्रमांक-2 में उल्लेखित भवन, जो कि पूर्व से निर्मित हैं, उन्हें 2 माह के भीतर एनबीसी से निर्धारित मानक अनुसार फायर प्लॉन तैयार कर अनुमोदन के लिये अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निर्देश में यह भी बताया गया है कि अग्निशमन अधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर फायर प्लॉन का अनुमोदन किया जायेगा।

# चोरी का विरोध करने पर बुजुर्ग का पांव तोड़ा, युवक की उंगली काटी

भोपाल(आरएनएस)। गांधी नगर नई बस्ती में रहने वाले युवक के ऑटो से बदमाशों ने साउंड सिस्टम चुरा लिया। जब चालक और उसके परिजनों को आरोपियों की पहचान हुई और उन्होंने सामान लौटाने के लिए कहा तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। चालक और उसके भाई के साथ जमकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए युवकों के पिता के पैर पर लोहे की रॉड से वार कर तोड़ दिया।

एक दोस्त ने दोनों भाइयों को बचाना चाहा तो उसके हाथ पर तलवार से वार किया गया। इससे अविनाश नामक युवक के हाथ की एक उंगली कट गई। घटना शनिवार की देर रात की है। रविवार शाम तक एफ्आईआर दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस शिकायत दर्ज करने के बजाय राजीनामा कराने पर जोर दे रही है। धमकाया जा रहा है कि शिकायत की तो काउंटर केस दर्ज किया जाएगा।

नरेंद्र शर्मा नई बस्ती सी सेक्टर गांधी नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह ऑटो चलाते हैं और भाई सुरेंद्र शर्मा भी ऑटो चालक है। सुरेंद्र शनिवार की दोपहर को खाना खाने के लिए घर गया था। यहां उसने अपने ऑटो को घर के बाहर पार्क किया था। खाना खाकर लौटे तो देखा कि ऑटो में लगा साउंड सिस्टम और अन्य सामान चोरी हो चुका है। आस पास पूछताछ करने पर पता लगा कि रितिक मराठा और कल्लू बंजारा उनका सामान चोरी कर ले गया है।

इसकी सूचना उन्होंने डायल 100 पर दी। कुछ देर बाद डॉल 100 सवार एक पुलिसकर्मी का कॉल आया, उसने कहा कि आरोपियों का और बेहतर ढंग से पता लगाओ। जब पुख्ता हो जाए कि चोरी कल्लू और रितिक ने ही की है तो शिकायत दर्ज कराने थाने आ जाना। हम थाने पहुंचे लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की गई।

थाने से जब घर लौटे तो आरोपियों ने हमला कर दिया। हथियारों से लैस बदमाशों ने जानलेवा हमला करते हुए भाई के सिर में चाकू से वार किया। पिता को रॉड से पीटा, इससे उनके पांव में फ्रेक्चर आया है। एक दोस्त ने बचाने का प्रयास किया तो उस पर तलवार से वार किया। इससे उसके हाथ की एक उंगली कट गई।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष आदतन अपराधी हैं। नरेंद्र पर रेप, पॉस्को जैसे गंभीर केस दर्ज हैं। दोनों ही पक्षों की ओर से मारपीट की गई थी। दोनों पक्ष थाने आए लेकिन लिखित में राजीनामा कर चले गए। हमने रोजनामचे में भी इसका उल्लेख किया है।

# संत निरंकारी मण्डल ब्रांच जबलपुर द्वारा ऐतिहासिक रक्तदान शिविर सम्पन्न

## इस 25 वें शिविर में 225 यूनिट तथा वर्ष भर जरूरत मंदों को 302 यूनिट कुल रक्तदान 527 यूनिट का नया रिकार्ड





जबलपुर(आरएनएस) । संत निरंकारी मण्डल कि शाखा जबलपुर में गोलबाजार संत निरंकारी सत्संग भवन में चेरिटेबिल फाउंडेशन के सौजन्य से विशालताम् रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सेकड़ों मिशन के रक्तदाताओं ने युगद्रष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के ब्रम्ह वाक्य रक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों में पर समर्पित होकर रक्तदान किया संत निरंकारी भवन में प्रात: 10 बजे माननीय जगत बहादुर सिंह (अन्नु) महापौर जी के कर कमलों से शिविर का उद्घाटन किया गया द्य आपजी का स्वागत सेवादल के भाई बहिनों के मार्च गीत 'न हिन्दू, न सिख ईसाई, न हम मुसलमान हैं, मानवता है धर्म हमारा हम केवल इंसान हैं द्वारा तथा नवनीत नागपाल जी ने निरंकारी परम्परा के अनुसार दुपट्टा पहिना कर स्वागत किया द्यआपजी ने रक्तदान हेतु रक्तदाता भाई बहिन पंजीयन कराते हुए व रक्त देते हुए अनेक युवा भाई बहिनों का उत्साहवर्धन करते हुए मिशन कि गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन से मैं पिछले कई वर्षों से जुड़ा हुआ हूँ द्य मिशन का प्रत्येक सेवादार दिल से पूर्ण समर्पित भाव से मानवता की सेवा करते हैं ये इन पर ईश्वर की विशेष कृपा है द्य ये सेवादार भाई बहिन न सिर्फ शिविर में बल्कि प्रतिदिन जरूरत मंदों को रक्त देने हेतु सदैव तत्पर रहते हैं इनका सम्पूर्ण जीवन सुखमय रहेगा रक्त संग्रहण नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज, रानी दुर्गावती (एल्गिन) अस्पताल, जबलपुर ब्लड बैंक एवं सेठ गोविंदास 'विक्टोरिया' अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टरों कि टीम द्वारा उचित निरीक्षण के उपरान्त किया गया जबलपुर में 25 वां रक्तदान रहा इस शिविर में 225 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया इसके अतिरिक्त वर्ष भर में प्रतिदिन रक्तदाताओं ने जरूरत मंदों को 302 यूनिट रक्तदान कर नव-जीवन प्रदान करने में योगदान दिया इस तरह वर्ष 2025 के 25 वें में कुल रक्तदान 225+302=527सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज जी ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा मानवीयता का ऐसा गुण है, जो योगदान कि भावना को दर्शाता है, ये करूण सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है, जो हमें सिखाता है मानवता सर्वोच धर्म हैं कार्यक्रम की सफलता में साधसंगत व सेवादल के सभी भाई-बहिनों का विशेष योगदान रहा

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोत में श्रमदान कर गहरीकरण किया

रतलाम(आरएनएस) । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आलोट जिला रतलाम के द्वारा आदर्श ग्राम खामरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन जल की बचत और भविष्य में भूमिगत जल को रिचार्ज करने के लिए चर्चा व कार्य योजना बनाई गई। इस अवसर पर ग्राम के जल स्त्रोत में श्रमदान कर गहरीकरण किया गया तथा अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। खामरिया स्वास्तिक शिक्षा एवं समाज सेवा समिति की सेक्टर 05 की बैठक आदर्श ग्राम खामरिया में रखी गई। बैठक में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, विकासखंड समन्वयक मुकेश कटारिया उपस्थित रहे। ग्रामीणजनों को जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया।

## रतलाम प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने की कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से सौजन्य भेंट

रतलाम, (आरएनएस) । रतलाम प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रेस क्लब की आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मंत्री श्री काश्यप ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, सौरभ कोठारी, दिलजीत सिंह, सचिव यश शर्मा (बंटी), सह सचिव नीरज बरमेचा, हेमंत भट्ट, कोषाध्यक्ष नीरज शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश दवे, सिकंदर पटेल, निलेश बाफना, विनोद वाधवा, शुभ दशोत्तर, चेतन शर्मा, मानस व्यास आदि उपस्थित रहे।

## महाकाल मंदिर परिसर में लगी आग

उज्जैन(आरएनएस)। महाकालेश्वर मंदिर गेट नंबर 1 पर लगी आग, गेट पर बने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय में लगी आग,महाकाल मंदिर फैसिलिटी सेंटर पर बने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यालय में लगी आग,इनवर्टर बैटरी में ब्लास्ट होने की वजह से लगी आग, फायर ब्रिगेड के दमकल पहुंचे मौके पर, आग पर पाया काबू, आग की इस घटना में कोई जनहानि नहीं, महाकाल थाना क्षेत्र का मामला।

## पराशरी नदी में सदा नीर धारा रहे, पुर्नजीवित संवर्धन की कवायद

### कलेक्टर ने उदगम स्थल से पांच किलोमीटर पैदल तक चल कर देखा

विदिशा (आरएनएस)। कलेक्टर अंशुल गुप्ता, वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया,एसडीएम विजय राय, पंचतत्व संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ साथ



गणमान्य नागरिकों स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि,वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य ने आज पाराशरी नदी के उद्गम स्थल हिनौदा चक्क में नदी के बहाव मार्ग को करीब 5 किलोमीटर पैदल चल कर देखा और पाराशरी नदी के पुर्नजीवित संवर्धन के लिए और क्या-क्या कार्य की जा सकते हैं जैसे पौधारोपण सहित अन्य बिंदुओं पर विचार कर क्रियान्वयन करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप और जल गंगा संवर्धन अभियान के निहित बिंदुओं पर जिले में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले की सभी बड़ी नदी और उनकी सहायक नदियों में जल धारा का प्रवाह बना रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रुप से चल रही क्लिनिक को किया सील

शिवपुरी(आरएनएस)। जिले के पोहरी विकासखंड मुख्यालय पर स्वास्थ्य विभाग की टीम की अचानक कार्रवाई करने पहुंची। श्रीराम क्लिनिक को अवैध रूप से चिकित्सकीय सेवाएं देने पर सील कर दिया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही अन्य अवैध क्लिनिक संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर जिले में अवैध स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## ई-रिक्शा चालकों और महिलाओं से केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया संवाद

### -मोटे के महावीर के पास अटल सभागार में हुआ कार्यक्रम, समस्याओं का किया त्वरित समाधान

छतरपुर(आरएनएस)। सोमवार केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज मोटे के महावीर के समीप स्थित अटल सभागार में एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में शहर के ई-रिक्शा चालकों तथा शहरी क्षेत्र में कार्यरत घरेलू रसोईया एवं मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का संचालन कर रही स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं ने भाग लिया।

डॉ. वीरेंद्र कुमार ने ई-रिक्शा चालकों को 'संबल कार्ड' की सुविधा और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्ड ई-रिक्शा चालकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगा, जिससे उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, बीमा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान कामकाजी महिलाओं ने मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं और सुझाव रखे।

## 63 लीटर अवैध शराब जब्त

छिंदवाड़ा(आरएनएस)। चौरई थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को कपूर्दा मंदिर के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार से 63 लीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस को सिवनी से छिंदवाड़ा शराब तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार को रोका, जिसकी डिक्की से भारी मात्रा में शराब मिली। कार में दो युवक सवार थे। पुलिस ने ड्राइवर को मौके पर गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा युवक भाग निकला। गिरफ्तार युवक के पास शराब के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने मौके पर ही कार और शराब जब्त कर ली।

# व्यापार समाचार

## भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर

मुंबई (आरएनएस) । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। सुबह 9:36 पर सेंसेक्स 276 अंक या 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,741 और निफ्टी 78 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,425 पर था।

सेंसेक्स को अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसे शेयर ऊपर खींचने का काम कर रहे हैं।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 344 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,050 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 24 अंक की मजबूती के साथ 16,466 पर था।

चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी को 24,300, 24,200 और 24,000 पर सपोर्ट मिल सकता है। ऊपरी स्तर पर 24,500 एक रुकावट हो सकता है। अगर यह टूटता है तो 24,600 और 24,800 के स्तर देखने को मिल सकते हैं।

सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज और रियल्टी इंडेक्स में कमजोरी बनी हुई है।

सेंसेक्स में अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, टीसीएस, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, एलएंडटी और इंडसइंड बैंक टॉप लूजर्स थे।

एशिया में टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल समेत प्रमुख क्षेत्रीय बाजार अपने-अपने सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियाई बाजार लाल निशान में थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। सत्र के दौरान टेक्नोलॉजी नैस्डैक में 1.51 प्रतिशत की तेजी आई। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार 12वें सत्र में 2 मई को शुद्ध खरीदार बने रहे और उन्होंने 2,769 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 3,290 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## सरकारी खनन कंपनी का रिकॉर्ड प्रदर्शन, अप्रैल में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली(आरएनएस) । सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने अप्रैल में रिकॉर्ड उत्पादन किया है और उसके लौह अयस्क उत्पादन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बिक्री में 3 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है।

एनएमडीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने अप्रैल में 4 मिलियन टन (एमएनटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 3.48 एमएनटी से 15 प्रतिशत अधिक है।

इसके साथ ही बीते महीने एनएमडीसी की लौह अयस्क की बिक्री 3.63 एमएनटी रही है, जो कि अप्रैल 2024 की 3.53 एमएनटी की बिक्री से 3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का पेलेट उत्पादन 0.23 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2018 में अप्रैल के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।कंपनी के शानदार प्रदर्शन पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा, अप्रैल में हमारा रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, साथ ही हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों किरंदुल, बचेली और दोणिमलाई से पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमश: 12 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि ने हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है और 2030 तक 100 मीट्रिक टन खनन कंपनी बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। स्टील मंत्रालय के तहत आने वाली एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है।लौह अयस्क एक महत्वपूर्ण खनिज होता है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और इसे दुनियाभर में स्टील के उत्पादन का आधार माना जाता है।

## टाटा ने लॉन्च की 'इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड' स्कीम

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । टाटा म्युचुअल फंड ने सोमवार को नया निवेश विकल्प पेश किया है। इस नए फंड का नाम टाटा इनकम प्लस आर्बिट्रेज एक्टिव फंड ऑफ फंड है। इस ऑपन-एंडेड फंड ऑफ फंड में निवेशक घरेलू म्युचुअल फंड्स के विभिन्न योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। इस नई स्कीम का सब्सक्रिप्शन 5 मई से 19 मई तक में किया जा सकेगा, जबकि कंटिन्यू सेल और रिपरचेज के लिए 25 मई से फिर से खुलेगा। इस स्कीम में मिनिमम 5000 से निवेश करना शुरू किया जा सकता है और उसके बाद 1 रुपये के मल्टीपल में आगे निवेश किया जा सकता है। इस स्कीम का बेंचमार्क क्रिसिल कॉम्पोजिट बॉन्ड इंडेक्स (60) और निफ्टी 50 आर्बिट्रेज टीआरआई (40) है। यह स्कीम किसी लॉक इन पीरियड के साथ आती है, लेकिन निवेशकों को एग्जिट लोड के नियमों का ध्यान रखने की जरूरत है। इस नई फंड ऑफर में, फंड मैनेजर बाजार की स्थिति और कारोबारी माहौल के अनुसार अलग-अलग म्युचुअल फंड योजनाओं में निवेश करेगा।

## रेपो रेट में 1.25-1.50 प्रतिशत तक की हो सकती है कटौती : एसबीआई रिपोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस) । लगातार कम होती महंगाई के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों को आक्रामक रूप से कम कर सकता है। साथ ही मौद्रिक नीति के रुख को मार्च 2026 तक 'न्यूट्रल' से हटाकर और नरम किया जा सकता है।




सोमवार को जारी हुई एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि बेस्ट केस सिनेरियो में अगर महंगाई दर 3 प्रतिशत के नीचे लगातार तीन महीने तक रहती है तो रेपो रेट में संचयी तौर पर 1.25 प्रतिशत से लेकर 1.50 प्रतिशत की कटौती वित्त वर्ष 26 तक देखने को मिल सकती है।

एसबीआई की रिपोर्ट में बताया गया, मार्च में महंगाई कई वर्षों के न्यूनतम स्तर पर थी और आगे भी महंगाई के कम रहने की उम्मीद है। हम जून और अगस्त (पहली छमाही) में रेपो रेट में 0.75 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 0.50 प्रतिशत की कमी की उम्मीद कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, मार्च 2026 तक रेपो रेट 5 से 5.25 प्रतिशत तक आ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 0.25 प्रतिशत की छोटी कटौती की अपेक्षा 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती अधिक प्रभावशाली होगी।केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2025 में रेपो रेट में कटौती करना शुरू किया था, तब से आरबीआई ब्याज दरों को 0.50 प्रतिशत घटा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले समय में बैंक जमा दरों में मौजूदा स्तरों से एक प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। घरेलू महंगाई दर वर्तमान में आरबीआई के टारगेट 2-6 प्रतिशत के दायरे में है, जबकि उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर औसत महंगाई दर 4.7 प्रतिशत है।

## देश में अप्रैल में आर्थिक गतिविधियों ने पकड़ी रफ्तार, पेट्रोल और डीजल की खपत बढ़ी

नई दिल्ली(आरएनएस) । । देश में पेट्रोलियम उत्पाद जैसे डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की खपत में अप्रैल में बढ़त देखी गई है, जो देश में आर्थिक गतिविधियों में बढ़त को दिखाता है।

पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत की डीजल खपत बढ़कर 8.24 मिलियन टन हो गई, जो अब तक दर्ज की गई दूसरी सबसे अधिक मासिक खपत है। इसकी वजह महीने के दौरान कृषि और परिवहन क्षेत्रों की डीजल की मांग बढ़ना है। बीते महीने अप्रैल 2024 में हाई बेस पर 4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है।

पिछले वर्ष अप्रैल में लोकसभा चुनावों के लिए चुनावी प्रचार के कारण डीजल की खपत में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई थी।

ईंधन की कुल बिक्री में डीजल की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है, और इसकी खपत में वृद्धि अर्थव्यवस्था के कृषि और लॉजिस्टिक्स दोनों क्षेत्रों में उच्च आर्थिक गतिविधि को दर्शाती है।

अप्रैल में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3.44 मिलियन टन हो गई है। पिछले साल अप्रैल में लोकसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए गए जोरदार प्रचार अभियान के कारण पेट्रोल की खपत में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। यह वृद्धि एक हाई बेस पर हुई है जो अर्थव्यवस्था में वाहनों की बढ़ती बिक्रीको दिखाती है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा

मुंबई,(आरएनएस) । आरबीआई के शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार आठवें सप्ताह बढ़कर 25 अप्रैल तक 688.13 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 1.98 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। भंडार का विदेशी मुद्रा घटक 2.17 बिलियन डॉलर बढ़कर 580.66 बिलियन डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार का स्वर्ण भंडार घटक 207 मिलियन डॉलर घटकर 84.37 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.59 बिलियन डॉलर हो गया। रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई के पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप से पिछले महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख अब पिछले दो महीनों में उलट गया है। इससे पहले, सितंबर 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दर्शाती है और आरबीआई को रुपए में उतार-चढ़ाव आने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश देती है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपए को गिरने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी कर हाजिर और अग्रिम मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है।

## वॉट्सऐप में बड़ा बदलाव : अब ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की लिमिट तय!

नई दिल्ली,(आरएनएस) । मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप अपने करोड़ों यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाने और प्लेटफॉर्म पर स्पैम को कम करने के लिए एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सऐप ने अब ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की संख्या को सीमित करने का फैसला किया है।

यह नया फीचर फिलहाल वॉट्सऐप के एंड्रॉयड बीटा वर्जन 2.25.14.15 में देखा गया है और इसकी टेस्टिंग शुरू हो चुकी है। इस अपडेट का असर सामान्य वॉट्सऐप अकाउंट के साथ-साथ बिजनेस अकाउंट्स पर भी पड़ने की उम्मीद है।वॉट्सऐप ब्रॉडकास्ट मैसेज के लिए मंथली लिमिट सेट करेगा। टेस्टिंग फेज में, यूजर्स को हर महीने केवल एक तय संख्या (संभवत: 30) में ही ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की अनुमति मिल सकती है। यह कदम अनावश्यक और बल्क मैसेजिंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

### ब्रॉडकास्ट मैसेज क्या होते हैं?

ब्रॉडकास्ट मैसेज वॉट्सऐप का एक फीचर है जिसके जरिए आप एक ही मैसेज को अपनी कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद कई लोगों को एक साथ भेज सकते हैं। हालांकि, यह मैसेज प्राप्तकर्ता को एक पर्सनल चैट के तौर पर मिलता है, जिससे उन्हें यह पता नहीं चलता कि यह मैसेज और कितने लोगों को भेजा गया है, जो ग्रुप चैट से अलग होता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगर किसी यूजर को तय लिमिट से ज्यादा लोगों तक अपनी बात पहुंचानी है, तो उन्हें वॉट्सऐप स्टेटस या चैनल्स जैसे विकल्पों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।



फिलहाल, वॉट्सऐप या मेटा की ओर से इस नए ब्रॉडकास्ट लिमिट फीचर को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बीटा वर्जन में इसकी उपस्थिति से साफ है कि कंपनी इस पर काम कर रही है और जल्द ही इसे सभी यूजर्स के लिए रोल आउट किया जा सकता है। यह बदलाव प्लेटफॉर्म पर अनचाहे संदेशों की बाढ़ को रोकने में मददगार साबित हो सकता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## वर्षों बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं

कॉमनवेल्थ घोटाले का मुकदमा भी ढह गया है। कहा जा सकता है कि जांच एजेंसियों और लेट-लतीफ न्याय व्यवस्था की खामी के कारण ऐसा हुआ है। मगर 15 साल बाद भी व्यवस्था नहीं सुधारी, तो उसके लिए दोषी कौन है कॉमनवेल्थ खेल घोटाले का मुकदमा भी ढह गया है। दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुकदमा बंद करने की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। यह कथित घोटाला उस कथानक का एक बड़ा पहलू था, जिसको लेकर 2010-11 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन खड़ा किया गया। 2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाला, कोयला खदान आवंटन घोटाला और मुंबई की आदर्श हाउजिंग सोसायटी घोटाला इसके अन्य पहलू थे। तत्कालीन यूपीए सरकार ने उन सभी मामलों में कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की। सत्ता पक्ष से जुड़े कई नेताओं को अपने पद छोड़ने पड़े। कुछ को जेल की हवा भी खानी पड़ी।जो नेता जेल गए, उनमें सुरेश कलमाडी भी थे, जो कॉमनवेल्थ खेलों के आयोजन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण घेरे में आए थे। मगर तत्कालीन सरकार की कार्रवाइयों को अविश्वसनीय बताने का ऐसा जोरदार अभियान छेड़ा गया कि मनमोहन सिंह सरकार और कांग्रेस पार्टी की छवि खलनायक की बन गई। अन्ना आंदोलन और उसके गर्भ से निकली आम आदमी पार्टी उस आंदोलन के मूर्त रूप थे। लेकिन उसके पीछे बड़े सियासी और औद्योगिक हितों के हाथ की चर्चा तब से लेकर आज तक रही है। भारत के इतिहास में जब विवेकहीनता के मौजूदा माहौल की चर्चा होगी, तो इसकी जड़ों की तलाश उसी दौर में की जाएगी।तब भ्रष्टाचारियों को सरेआम फांसी पर लटकाने की मांग को लेकर उभारे गए जन उद्वेग ने आगे चल कर अन्य मसलों पर भी उसी तरह का माहौल बनाने का रास्ता साफ किया। जबकि न्यायिक धरातल पर उन कथित घोटालों से जुड़े एक के बाद एक मुकदमे ढहते चले गए। तब जिन्हें भ्रष्टाचारी मान लिया गया था, उनमें से ज्यादातर अब बरी हो गए हैं। कहा जा सकता है कि यह जांच एजेंसियों और लेट-लतीफ न्याय व्यवस्था की खामी है, जिससे इल्जाम साबित नहीं हो पाए। मगर मुद्दा यह है कि 15 साल बाद भी इस व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ और आरोपी बरी हो गए, तो उसके लिए दोषी कौन है? और उससे भी बड़ा सवाल यह है कि जो आक्रोश और उद्वेग उस समय दिखा, वह आज क्यों गायब हो गया है?



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साइगॉन में वियतनाम के पोलित ब्यूरो सदस्य और पार्टी सचिव गुयेन वान नेन से मुलाकात की.

# न्यायपालिका की आलोचना मौजूदा राजनीतिक माहौल

**अजीत द्विवेदी**

न्यायिक सक्रियता की हमेशा आलोचना होती रही है। यह आम धारणा है कि सरकार कमजोर होती हैं तो न्यायपालिका सक्रिय हो जाती है और वह विधायिका व कार्यपालिका दोनों के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करती है या करने की कोशिश करती है। भारत में न्यायिक सक्रियता की सबसे तेज गूंज तभी सुनाई दी थी, जब देश में गठबंधन की सरकारों का दौर शुरू हुआ।आठवें दशक के आखिरी दिनों से लेकर समूचे नब्बे के दशक में भी न्यायपालिका खूब सक्रिय रही। अनायास नहीं है कि उसी दौर में जजों की नियुक्ति और तबादले का कॉलेजियम सिस्टम भी शुरू हुआ। उस समय सर्वोच्च अदालत के फैसलों से कई नीतियां तय हुई। आरक्षण की सीमा तय करने से लेकर क्रीमी लेयर बनाने तक के सारे काम उसी दौर में हुए। तब भी न्यायपालिका की खूब आलोचना होती थी। लेकिन उस समय की आलोचना और अभी हो रही आलोचना में एक बुनियादी फर्क है। उस समय अदालतों के फैसले के गुणदोष पर ज्यादा चर्चा होती थी। हर फैसले को उसके गुणदोष की कसौटी पर कसा जाता था। आलोचना के लिए संवैधानिक तर्क दिए जाते थे। लेकिन अब आलोचना में बौद्धिक दरिद्रता झलकती है। अब फैसले के गुणदोष पर बात नहीं होती है और न फैसले को गलत साबित करने के लिए कोई संवैधानिक तर्क दिया जाता है। अब न्यायपालिका की आलोचना राजनीति में चलने वाले कुतर्कों से की जाती है।मिसाल के तौर पर तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित 10 विधायकों को लंबे समय तक लंबित रखने के मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जो आलोचना हो रही है उसमें इस फैसले को संवैधानिक प्रावधानों की कसौटी पर गलत साबित करने का एक भी तर्क नहीं दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अदालतें कानून बनाने लगेंगी तो संसद और विधानसभाओं में ताला लगा देना चाहिए। लेकिन क्या कोई बता सकता है कि अदालत ने कौन सा कानून बना दिया है? कानून तो बना हुआ है कि विधानसभा से पारित किसी भी विधेयक को राज्यपाल मंजूरी देंगे या वापस लौटाएंगे या राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजेंगे।

*अनायास नहीं है कि उसी दौर में जजों की नियुक्ति और तबादले का कॉलेजियम सिस्टम भी शुरू हुआ। उस समय सर्वोच्च अदालत के फैसलों से कई नीतियां तय हुईं। आरक्षण की सीमा तय करने से लेकर क्रीमी लेयर बनाने तक के सारे काम उसी दौर में हुए। तब भी न्यायपालिका की खूब आलोचना होती थी। लेकिन उस समय की आलोचना और अभी हो रही आलोचना में एक बुनियादी फर्क है। उस समय अदालतों के फैसले के गुणदोष पर ज्यादा चर्चा होती थी। हर फैसले को उसके गुणदोष की कसौटी पर कसा जाता था।*

यही तीन विकल्प हैं। कानून में यह भी लिखा हुआ है कि अगर राज्यपाल ने विधेयक लौटाया है और विधानसभा उसे दोबारा पारित करके भेजेगी तो अनिवार्य रूप से राज्यपाल को उस पर मंजूरी देनी होगी। यह सब संविधान में लिखा हुआ है। लेकिन इस कानून में एक लूपहोल खोज लिया गया कि इसमें यह नहीं लिखा गया है कि कितने समय में बिल को मंजूरी देनी है या कितने समय में लौटाना है। इस लूपहोल के आधार पर बिल तीन तीन साल लटका दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ इस संवैधानिक प्रावधान की व्याख्या की है और उसकी विसंगति को दूर किया है। सोचें, आमतौर पर कानून से बचने के लिए आरोपियों के वकील कानून के लूपहोल्स निकालते हैं। लेकिन जब संवैधानिक प्राधिकार लूपहोल्स का इस्तेमाल करने लगे तो क्या किया जाए!बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करने वाले तमाम सांसदों, नेताओं, कथित बुद्धिजीवियों, यूट्यूबर्स आदि को पढ़ने और उनके वीडियो सुनने के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि मेरिट पर भले फैसला सही हो लेकिन न्यायपालिका में बहुत कमियां हैं इसलिए उनका फैसला गलत है। फैसले का विरोध करने वाले 'विद्वानों' ने जो तर्क दिए, उनमें से कई बहुत दिलचस्प हैं। कहा गया, कॉलेजियम के जरिए जजों की नियुक्ति और तबादले होते हैं और इसमें भाई-भतीजावाद होता है, अमुक व्यक्ति को जमानत देने के लिए एक चीफ जस्टिस ने एक दिन में दो बार बेंच बदली, अमुक व्यक्ति के लिए छुट्टी के दिन बेंच बैठी, अमुक व्यक्ति के मामले में सुनवाई के लिए आधी रात को अदालत खुली, अमुक जज के यहां से नोटों के बंडल निकले लेकिन एफआईआर नहीं हुई, अदालतों में बहुत छुट्टियां होती हैं, अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं, जज महीनों तक फैसला सुरक्षित रख लेते हैं, जज अपनी संपत्ति का ब्योरा नहीं देते हैं आदि आदि।'विद्वानों' ने यह साबित किया है कि अदालतें अब भी कांग्रेस के हिसाब से चलती हैं क्योंकि कांग्रेस आजादी के समय से वकीलों की पार्टी रही है। यह भी कहा जा रहा है कि अमुक वकील के पिता भी किसी हाई कोर्ट के एडवोकेट जनरल थे या अमुक आरोपी के पिता कई बरसों तक अटॉर्नी जनरल रहे। सोचें, इसमें राज्यपाल और राष्ट्रपति पर दिए गए फैसले का पहलू कहां है? बौद्धिक दरिद्रता का आलम यह है कि न्यायपालिका की आलोचना के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार द्वारा किए गए पहले संविधान संशोधन की तरफदारी की जा रही है और यह भी याद दिलाया जा रहा है कि इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने हैसियत बता दी थी न्यायपालिका की।इस पूरी जमात का सबसे बड़ा बौद्धिक तर्क यह है कि देश के करोड़ों लोगों ने जिनको चुना है वे सबसे ऊपर हैं और काला कोट पहनने वाले दो या पांच लोग तय नहीं करेंगे कि देश के लिए क्या अच्छा है। यह एक धूर्ततापूर्ण तर्क है, जो संवैधानिक व्यवस्था की बजाय चुनी हुई सरकार की तानाशाही की तरफदारी करता है। अगर इस तर्क को मानें कि चुनी हुई सरकार सबसे ऊपर है और उसे ही यह तय करने का अधिकार है कि देश और उसकी जनता के लिए क्या अच्छा है तो फिर किसी भी मसले पर अदालतों के फैसलों की क्या जरुरत है? सोचें, यही कुपढ़ और अपढ़ लोग जो एक फैसले के लिए न्यायपालिका की बखिया उधेड़ रहे हैं उन्होंने उसी न्यायपालिका के कितने फैसलों का जश्न मनाया है! जब काला कोट पहनने वाले लोग कुछ भी तय नहीं कर सकते हैं तो फिर उनके फैसलों पर जश्न मनाने की क्या जरुरत है?

# श्रम,संयम के अभाव से उत्पन्न नैराश्य। जिजीविषा के साथ संघर्ष में सफलता।

**संजीव स्तंभकार,**

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्यमूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक

**ललित गर्ग**

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं।




मेष राशि : आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आप अपने काम को जितनी मेहनत से करेंगे, उसी के अनुरूप उचित परिणाम भी हासिल होंगे।

वृष राशि : आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी। घर में धार्मिक कार्य करने की योजना बन सकती है।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लंबे समय तक स्वस्थ रहे। इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन खत्म होंगी। आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते।

कन्या राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेंट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

तुला राशि : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचें। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

धनु राशि : आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है, आपका काम सरल तरीके से होता रहेगा। पारिवारिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर रखने में कामयाब रहेगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

कुंभ राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

# पहलगाम की घटना से सदमे में घाटी में लोग

हरिशंकर व्यास

कश्मीर घाटी और कश्मीरियों का बदलना आंखों देखा है। साक्षात आज सामने है! क्या किसी ने सपने में कभी सोचा कि पुराने श्रीनगर, डाउनटाऊन श्रीनगर में आतंकी घटना के विरोध में लोग दुकानें बंद रखेंगे! पर वैसा हुआ। कश्मीर में बंद रहा। लाल चौक में बंद और प्रदर्शन हुआ। घाटी में लोग यह खबर सुन सदमे में थे कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को मारा है!

खुद पहलगाम में अगले दिन मुख्य सड़क पर लोगों ने घटना के खिलाफ बड़ी संख्या में प्रर्दशन किया! कोई आश्चर्य नहीं जो कश्मीरियों की इस प्रतिक्रिया से वह संगठन भी घबरा गया, जिसने छूटते ही हमले की जिम्मेवारी ली थी। घाटी से भाग कर आए पर्यटकों ने लाइव बताया है कि हमले के बाद कश्मीरियों, मुसलमानों ने उनकी हर संभव मदद की। इंसानियत दिखलाई। बेरूखी, नफरत की बजाय दुख, पीड़ा और हमदर्दी की संवेदना में माना कि बहुत बुरा हुआ! ऐसे ही श्रीनगर के अखबारों, मीडिया ने घटना की निंदा और भर्त्सना में कमी नहीं दिखाई।

क्या यह धंधा चौपट होने के स्वार्थ में था? या प्रशासन-सरकार के दबाव में था? ऐसा यदि कुछ मानें भी तो पुराने श्रीनगर में दुकानों का शटडाउन होना, जामा मस्जिद में जुमे की नमाज में मीर वाइज का एक मिनट का मौन रखवाना और आतंकी हमले की भर्त्सना के क्या अर्थ हैं? मेरे लिए, शेष भारत के लिए यह सब अविश्नसनीय सा है।

दरअसल घाटी और घाटी के मुसलमानों की नीयत के साथ इस्लाम को ले कर हममें जैसी जो धारणा पैठी हुई है उसमें यह मानना, समझना आसान नहीं है कि जिंदगी की जरूरत भी जीना बदलवा सकती है। आबोहवा बदलवा सकती है।

घाटी व कश्मीरियों का बड़ा सत्य यह अनुभव है जो अनुच्छेद 370 हटने के बाद उन्होंने कुछ नया फील किया। लोगों की मनोदशा में, नई पीढ़ी, लड़के-लड़कियों, महिलाओं और उस पीढ़ी ने यह महसूस किया कि कुछ भी हो, अमन से सुकून की जिंदगी है। अमन है तो जिंदगी न केवल सामान्य और सहज होती है, बल्कि कमाई चौतरफा बढ़ती है।

आबोहवा बदलती है। शहर बदलता है। श्रीनगर, स्मार्ट सिटी होता है। घाटी की पैदावार की बिक्री से लेकर शिक्षा, परिवहन सबमें बेहतरी मुमकिन है। पर्यटकों का सैलाब आ सकता है। रोजगार और कमाई के अवसर बढ़ सकते हैं।

मेरा मानना है कि 1987 के धांधली वाले विधानसभा चुनावों से घाटी की बरबादी के शुरू सफर से बनी कश्मीरी इमेज में नया मोड़ बनवाने वाली तारीख पांच अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 का हटना था। अब दूसरा मोड़ 22 अप्रैल 2025 को कश्मीरियों की प्रतिक्रिया का है। पहलगाम की घटना ने कश्मीरियों में जुगुप्सा, आतंकियों के प्रति तटस्थता, नाराजगी या गुस्सा या असहमति कुछ भी बनाई हो वह अनहोनी बात है। और इसे गहराई से समझने की जरूरत है। उसी अनुसार सरकार और प्रशासन को घाटी में लोगों को संभालना, हैंडल करना चाहिए। पाकिस्तान से हमारी दुश्मनी, हिंदू बनाम मुस्लिम की राजनीति अपनी जगह चाहे जो पाले रखें लेकिन इसके तनाव और लड़ाई में घाटी की जमीनी मनोदशा को न समझना, उसकी केयर न करना, उसे पाकिस्तानी मनोदशा का मानना ढाक में तीन पात वाली स्थिति लौटाने वाली गलती होगी।

बेसिक दिक्कत मेरे, आपके और शेष भारत की घाटी और कश्मीरियों के प्रति बनी हुई धारणा और दिमाग में पैठी इमेज की है। यह अविश्वास है कि न कश्मीर बदला है और न कश्मीरी बदल सकते हैं। और अविश्वास का ताजा, खतरनाक बिंदु तब दिखा जब गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में सुरक्षा संबंधी बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को नहीं बैठाया! भला क्यों? क्या अब्दुल्ला और उनका परिवार भरोसेमंद नहीं है? क्या वे महज दिखावे के मुख्यमंत्री हैं? क्या वे आतंकियों के भेदिए, पाकिस्तानी एजेंट या अलगाववादी हैं? स्वतंत्र भारत का दुर्भाग्य है, गंवारपने और मूर्खताओं की इंतहां है जो आईबी, रॉ जैसी खुफिया एजेंसियों से देश का प्रधानमंत्री हो या गृह मंत्री या गृह मंत्रालय के कश्मीर डेस्क के अफसर असुरक्षाओं में ऐसे जीते हैं कि एक आईबी चीफ बीएन मलिक ने पंडित नेहरू के कान भर कर शेख अब्दुल्ला को बरखास्त करवाया तो 1984 में आईबी चीफ एमके नारायणन ने फारूक अब्दुल्ला को बरखास्त करवाया।

वही 2014 से मोदी सरकार को खुफिया प्रमुख अजित डोवाल घाटी के अब्दुल्ला और मेहबूबा को उसी निगाह, उसी समझ, उसी मनोवृत्त में समझाते हैं, जैसे उनके पूर्ववर्ती एमके नारायणन या बीएन मलिक समझाते थे।

दूसरे शब्दों में 1947 में भारत ने घाटी में जितने प्रयोग (सोचें, वीपी सिंह के समय मुफ्ती मोहम्मद देश के गृह मंत्री थे तो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उमर अब्दुल्ला केंद्रीय मंत्री) किए हैं उस सबके अंत में ऐसी की तैसी दिल्ली की खुफियाई एजेंसियों द्वारा सत्तावान नेताओं के कान भरने, नेताओं को असुरक्षित बनाने, उनमें अविश्वास बनवाने तथा जमीनी लापरवाही व ढिलाई से बरबाद हुए हैं।

बेसिक बात है कि अगस्त 2019 के बाद घाटी में वह हुआ जो घाटी के लोगों ने पर्यटकों को नए-नए इलाकों में घूमाने का सिलसिला बनवाया। एक जानकार के अनुसार पर्यटकों के सैलाब से पहलगाम इलाके में चार सौ नई प्रॉपर्टी का निर्माण हो रहा है! भीड़ के कारण ही टूरिस्ट ऑपरेटरों या होटल वालों ने पहलगाम के अगल-बगल की छोटी घाटियों में पर्यटकों को घुमाना शुरू किया।

क्या यह बात आईबी, रॉ, सेना, बीएसएफ, पुलिस या तमाम खुफिया एजेंसियों को नहीं जाना हुआ होना था? पर किसी को पता नहीं था! और आतंकी मजे से बैसरन घाटी में आए और पर्यटकों को मारा।मेरा मानना है कि शेष भारत के पर्यटकों को समझ आया कि कश्मीर बदल गया है, घूमने लायक हो गया है। एयरलाइंस, होटल मालिकों, कश्मीरियों को भी समझ आया कि बदले कश्मीर के अवसरों को भुनाओ मगर भारत की खुफिया एजेंसियों को समझ नहीं आया! अफसरों को समझ नहीं आया कि कश्मीर नया होता हुआ है तो उसको नई जिम्मेवारी, नई समझदारी और नएपन के साथ संभाला जाए! ज्यादा चौकस हुआ जाए। पाकिस्तानी घुसपैठियों, आतंकियों पर अधिक सख्त नजर रहे!नए कश्मीर की पहली निर्वाचित सरकार और प्रादेशिक पार्टियों को भरोसे में ले कर उन्हें मोटिविट करें ताकि वे अपने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क रखें। राजनीतिक कार्यकर्ताओं के नेटवर्क और प्रशासनिक कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों तथा उनके मुखबिरों से सूचना लेने-देने का नया तंत्र बने। कश्मीर को किसी भी तरह का कोई अप्रत्याशित सदमा नहीं लगना चाहिए।



# मोदी के नेतृत्व में भारत निर्ममता के साथ ड्रग कार्टेल को खत्म कर रहा : अमित शाह



नई दिल्ली (आरएनएस)। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कि एनसीबी की अमृतसर जोनल यूनिट ने 4 राज्यों में 4 महीने तक चले ऑपरेशन के ज़रिए ड्रग डायवर्जन कार्टेल को खत्म किया, 547 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया। शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नशामुक्त भारत बनाने के विजन् की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने इसके लिए एनसीबी की टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में एक वितरक से 1.36 करोड़ साइकोट्रॉपिक टैबलेट जब्त किए हैं। एनसीबी ने उत्तराखंड के हरिद्वार में एक निर्माता से 11,693 सीबीसीएस बोतलें और 2.9 किलो ट्रामाडोल पाउडर भी जब्त किया है। जब्त दवाओं का कुल मूल्य लगभग 547 करोड़ रुपए है।'नशा मुक्त भारत' बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुसरण में एनसीबी की अमृतसर जोनल इकाई ने पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में गैर-चिकित्सीय उपयोग के लिए फार्मास्युटिकल दवाओं के अवैध विचलन और वितरण में शामिल प्रमुख नेटवर्कों का भंडाफोड़ किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 तक खुफिया जानकारी आधारित अभियान और मामलों की जांच में 'टॉप टु बॉटम' और 'बॉटम टु टॉप' अप्रोच के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण जब्ती और गिरफ्तारियां हुईं, जिसने निर्माताओं, स्टॉकिस्टों और फ्रंट ऑपरेटरों के बीच एक जटिल गठजोड़ को उजागर किया।बीते 20-21 अप्रैल को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी की गई। उत्तराखंड में तलाशी के परिणामस्वरूप जे आर फार्मास्युटिकल्स से 11,693 सीबीसीएस बोतलें और 2.9 किलोग्राम ट्रामाडोल पाउडर जब्त किए गए। हिमाचल प्रदेश में प्रमुख वितरक एमबिट बायो मेडिक्स के परिसर में तलाशी से 19,25,200 टैबलेट और दिल्ली के बवाना में आशी फार्मास्युटिकल के परिसर में तलाशी से 1.17 करोड़ ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त किए गए, जो फार्मास्युटिकल दवाओं के बड़े पैमाने पर अनधिकृत कब्जे और अवैध वितरण को दर्शाता है। एमबिट बायो मेडिक्स का मालिक पहले गिरफ्तार किया गया था, जब वह 18 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से वियतनाम भागने की कोशिश कर रहा था।जांच में पता चला कि हिमाचल प्रदेश के एमबिट बायो मेडिक्स के मालिक ने पहले दिल्ली में काम किया था, जहां उसका ड्रग लाइसेंस दिसंबर 2022 में रद्द कर दिया गया था। इसे छिपाकर उसने हिमाचल प्रदेश में एक नया लाइसेंस प्राप्त किया और दिल्ली में अपने सहयोगी के नाम पर आशी फार्मास्युटिकल नामक एक और फर्म की शुरुआत की। जांच चार महीने पहले शुरू हुई थी जब अमृतसर में एक व्यक्ति, जो चिकित्सा पेशेवर होने का दावा कर रहा था, को 2,280 अल्प्राजोलम और 1,220 ट्रामाडोल टैबलेट के साथ पकड़ा गया। आगे की जांच में एक स्थानीय वितरण श्रृंखला का पता चला, जिसके परिणामस्वरूप कई गिरफ्तारियां हुईं और बाद में हुई तलाशी में 21,400 और ट्रामाडोल टैबलेट और 43,000 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद किए गए।

फरवरी 2025 में एक अन्य मामले में अमृतसर में 5,000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड (ट्रेकम-100) टैबलेट की अलग जब्ती ने जांचकर्ताओं को तरन तारन, देहरादून और मानांवाला तक फैली एक श्रृंखला तक पहुंचाया।




कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पटना के सदाकत आश्रम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

# पांच मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले

कानपुर ,(आरएनएस)। कानपुर के चमनगंज इलाके में एक पांच मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इमारत के नीचे जूते का कारखाना था और ऊपर के चार तल पर एक ही परिवार रहता था। दमकल की बारह से ज्यादा गाड़ियाँ और स्ङ्क्षन्न की टीम आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 5-30 बजे आग पर काबू पाने में सफल हुई।एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में इमारत के अंदर फंसे पांच सदस्य पति-पत्नी व उनके तीन बच्चे को निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य को जलने व धुएँ के जहरीले प्रभाव से बचाया गया है।डीसीपी दिनेश त्रिपाठी ने प्रारंभ में तीन फंसे सदस्यों की जानकारी दी थी, लेकिन विस्तृत तलाशी अभियान में सभी पांच को मृतावस्था में पाया गया। उन्होंने कहा कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिससे मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी।



दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया।

## पहले प्रपोज किया और फिर धर्म, एजाज खान पर 30 साल की एक्ट्रेस ने लगाया रेप का आरोप; केस दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक्टर और होस्ट एजाज खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शो 'हाउस अरेस्ट' को लेकर विवादों में घिरे एजाज खान पर अब एक 30 वर्षीय एक्ट्रेस ने रेप का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में रविवार शाम केस दर्ज किया गया है। पीड़िता के मुताबिक, एजाज खान ने उसे अपने शो 'हाउस अरेस्ट' में होस्ट की भूमिका देने का वादा किया और शूट के दौरान नजदीकियां बढ़ाईं। अभिनेत्री का आरोप है कि एजाज ने पहले उसे प्रपोज किया और फिर धर्म बदलकर शादी करने का झांसा दिया। इसी बहाने उसने कई बार उसकी इच्छा के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए।चारकोप पुलिस ने एजाज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 64, 64(2एम), 69 और 74 के तहत रेप का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने फिल्म में भूमिका दिलाने और शादी का वादा कर महिला का यौन शोषण किया।

# भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि भारत की मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन (एमआईसीई) इंडस्ट्री देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करेगी। जयपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि एमआईसीई इंडस्ट्री तेजी से वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। इस इंडस्ट्री को मजबूत आर्थिक विकास, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार से समर्थन से बढ़ावा मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सभा को बताया, राज्य अपने अनूठे तरीकों से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं और अब, भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों और एमआईसीई पर विशेष ध्यान देने के साथ हमारा लक्ष्य कम से कम 10 भारतीय शहरों को दुनिया के शीर्ष एमआईसीई गंतव्यों में शामिल करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और राजस्थान जैसे राज्यों की विरासत और नवाचार के माध्यम से अग्रणी भूमिका के साथ, भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन और आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार है। भारत के एमआईसीई बाजार ने 2024 में 49,402.6 मिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया और 2030 तक 103,686.5 मिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

वाराणसी, खजुराहो और कोच्चि जैसे शहरों में एमआईसीई-रेडी डेस्टिनेशन में हाल ही में हुए विकास से यह वृद्धि हुई है। भारत ने 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास किया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर विकास 1,50,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण, नए रेलवे स्टेशन, सेमी हाई-स्पीड ट्रेन, अंतर्देशीय जलमार्ग, 150 से अधिक चालू हवाई अड्डों और 2.48 मिलियन से ज्यादा होटल के कमरों के साथ देखा जा सकता है।

## पाकिस्तान बेशर्म है, अब समझाने का नहीं, सबक सिखाने का समय है'ओवैसी ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

पटना , (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (आरएसपी) के नेता व लोकसभा में मुंबई उत्तर पूर्वी सीट से निर्वाचित सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में एक चुनावी रैली में पाकिस्तान पर तीखी टिप्पणियां कीं। उन्होंने पड़ोसी देश को बेशर्म और असफल करार देते हुए कहा कि उसकी हरकतों को अब नकारा नहीं जा सकता। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान को बार-बार समझाने का समय खत्म हो गया है। अब उसे मुंहतोड़ जवाब देकर सबक सिखाना जरूरी है। पाकिस्तान के लोग सबूत मांग रहे हैं, पर वे खुद ही बेशर्म हैं।पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान से भेजे गए आतंकी मासूम नागरिकों की जान ले रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए सख्त सैन्य और कूटनीतिक कदम उठाए जाएं। पाकिस्तान कभी यह स्वीकार नहीं करेगा कि आतंक उसकी धरती से आकर हमले करते हैं। अगर हम समय रहते जवाब नहीं देंगे, तो हर दो या छह महीने में यही हत्याएं जारी रहेंगी, उन्होंने चेतावनी दी। ओवैसी की इस टिप्पणी को सुरक्षा और विदेश नीति के हलकों में विशेष ध्यान मिला है। विरोधी दलों ने भी सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील तेज कर दी है।

# हम साथ हैं, पाकिस्तान को सबक सिखाए केंद्र सरकार : उदित राज

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश चाहता है कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

सोमवार को कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को 13 दिन हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी भारत सरकार के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। लेकिन, केंद्र सरकार ने इस हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में कुछ नहीं किया। हम तो चाहते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ सरकार कार्रवाई करे। आतंकवाद के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है?

देश की तरफ आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस बयान पर कांग्रेस नेता उदित राज ने



कहा कि पूरे देश को कार्रवाई का इंतजार है। लेकिन, भारत सरकार पाकिस्तान पर कब कार्रवाई करेगी? सिंधु जल संधि निलंबित होने के बाद पाकिस्तान के मंत्री भारत को धमका रहे हैं कि वह हमला करेंगे। साथ ही लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहे हैं। जब से पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है, पाकिस्तान का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी चाहती है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए।कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मुंबई में जब आतंकी हमला हुआ, तब विपक्ष ने वर्तमान सरकार से सवाल किया कि कैसे आतंकी हमले हुए। वर्तमान में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से सवाल नहीं पूछ रही है। जबकि, सभी को पता है कि सुरक्षा की विफलता के कारण यह आतंकी हमला हुआ। हम चाहते हैं कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान पर कार्रवाई करे।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा था कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। रक्षा मंत्री के मुताबिक, देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब देंगे।सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून पर सुनवाई को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि कोर्ट ने पिछली सुनवाई में जो टिप्पणी की थी, वह अहम रही।

## उत्तर प्रदेश में छह आईएएस अधिकारियों के तबादले, प्रेम प्रकाश मीणा बने अलीगढ़ के नगर आयुक्त

लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें फील्ड में तैनात कई अधिकारियों को शासन की जिम्मेदारी दी गई है। उन्नाव के सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को अलीगढ़ का नगर आयुक्त बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को छह आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें फील्ड में तैनात कई अधिकारियों को शासन में जिम्मेदारी सौंपी गई है।आईएएस अविनाश कृष्ण सिंह को महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा के साथ विभाग के सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राविधिक शिक्षा विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात ए. दिनेश कुमार को गृह विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।वहीं, लंबे समय से कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा में विशेष सचिव के पद पर तैनात बृजराज सिंह यादव को राजस्व विभाग में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है।

उन्नाव के सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को अलीगढ़ का नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं, अब तक नगर आयुक्त अलीगढ़ के पद पर तैनात विनोद कुमार को विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा के पद पर तैनाती दी गई है।

# भारत सरकार की सख्ती, न्यूज पोर्टल 'बलूचिस्तान टाइम्स' और 'बलूचिस्तान पोस्ट' का एक्स अकाउंट किया बैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एक और सख्त कदम उठाते हुए दो न्यूज पोर्टल्स बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये का हिस्सा है।

सोशल मीडिया पर कार्रवाई के तहत भारत ने पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट्स पर भी भारत में रोक लगाई थी। ख्वाजा आसिफ भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी और परमाणु हमले की धमकी देने के लिए चर्चा में थे।

इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख यूट्यूब चैनलों, जैसे डॉन न्यूज, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, जियो न्यूज, समा स्पोर्ट्स, इरशाद भट्टी, जीएनएन, और क्रिकेटर शोएब अख्तर के चैनल को भी प्रतिबंधित किया है।

केंद्र की मोदी सरकार की ये कार्रवाइयां भारत की सुरक्षा और संप्रभुता को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का हिस्सा हैं। सरकार का कहना है कि पाकिस्तान से संचालित आतंकी गतिविधियां और भारत विरोधी प्रचार देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा हैं। बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर भारत विरोधी सामग्री को बढ़ावा देने का आरोप है, जिसके चलते इन पर प्रतिबंध लगाया गया।

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों में तल्खी आई है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर घेरने की रणनीति अपनाई है। भारत की ये कार्रवाइयां पाकिस्तान को साफ संदेश देती हैं कि आतंकवाद और भारत विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े 'द रेजिस्टेंस फोर्स' (टीआरएफ) ने ली थी, हालांकि बाद में उसने अपनी संलिप्तता से इनकार किया। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को निलंबित करना, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करना और पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं स्थगित करना शामिल है।

## पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ईडी की गिरफ्त में, मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

चंडीगढ़(आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दीन दयाल आवास योजना से जुड़े वित्तीय घोटाले के सिलसिले में हुई है, जिसमें छौक्कर और उनकी कंपनी पर करीब 1500 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।ईडी ने छौक्कर को दिल्ली के पांच सितारा होटल शांग्रीला से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ईडी उन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी में है, जहां उनसे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की जा सकती है। इस कार्रवाई ने हरियाणा की राजनीति में भूचाल ला दिया है, क्योंकि छौक्कर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बेहद करीबी माना जाता है। आरोप के मुताबिक, छौक्कर की कंपनी साई आइना फॉर्म्स ने गुरुग्राम में लोगों को घर देने का वादा कर उनसे भारी-भरकम राशि वसूली। हालांकि, न तो लोगों को घर दिए गए और न ही उनकी राशि वापस की गई। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी ने करीब 1500 लोगों के साथ धोखाधड़ी की, जिसमें बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग शामिल है।

# हॉर्न बजाने से मना किया तो चालक ने सिक्योरिटी गार्ड पर चढ़ा दी गाड़ी, 6 घंटे के भीतर पकड़ा गया आरोपी

नई दिल्ली(आरएनएस)। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज साउथ इलाके में महज हॉर्न बजाने से मना करने पर थार कार के ड्राइवर ने एक युवक को कुचल दिया। पूरी घटना सड़क पर लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित राजीव कुमार के दोनों पैरों की 10 से ज्यादा जगहों पर हड्डी टूट गई। मामले की सूचना मिलने पर वसंत कुंज साउथ थाने के इंस्पेक्टर अरविंद प्रताप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर 6 घंटे के भीतर आरोपी थार ड्राइवर को गिरफ्तार किया। आरोपी ड्राइवर की पहचान रंगपुरी निवासी विजय उर्फ लाला (24) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजीव कुमार परिवार के साथ महिपालपुर में रहते हैं। मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वह एयरपोर्ट में टर्मिनल-3 में गार्ड की नौकरी करते हैं। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह तक उनकी



ड्यूटी टर्मिनल-3 के पास थी। सुबह ड्यूटी खत्म होने के बाद वह कैब से महिपालपुर चौक के पास उतरे। यहां से वह पैदल घर की ओर जा रहे थे।पीड़ित के अनुसार, वह महिपालपुर रेड लाइट के पास पहुंचे ही थे। तभी पीछे से थार कार में सवार युवक ने जोर-जोर से हॉर्न दिया। हॉर्न देने से मना करने पर आरोपी युवक ने पीड़ित के हाथ से सिक्योरिटी बैटन मांगा।

# नागालैंड के शैक्षणिक अनुभव से संवरेगी यूपी की शिक्षा प्रणाली

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की कोशिशें नए मुकाम की ओर बढ़ रही हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में नागालैंड का पांच दिवसीय शैक्षणिक दौरा (26ङ्क30 अप्रैल 2025) किया, जहां उन्होंने नागालैंड के प्रभावी शैक्षणिक मॉडल, सामुदायिक भागीदारी और नवाचारों को नजदीक से देखा और अनुभव किया। यह दौरा प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट्स) को भविष्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के रूप में स्थापित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रेरणा साबित हो सकता है। इस दौरे का नेतृत्व कर रहे एससीईआरटी लखनऊ के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डायट्स के प्राचार्य, एससीईआरटी के अधिकारी और 'मंत्र फिर 4 चेंज' के प्रतिनिधियों ने न केवल शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया, बल्कि गांवों और स्कूलों में जाकर ग्रासरूट स्तर की वास्तविकताएं समझीं।

# भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक ने शेयर की बोल्ड तस्वीरें, फैंस बोले-खूबसूरती की मिसाल



भोजपुरी फिल्मों की खूबसूरत और बोल्ड एक्ट्रेस नेहा मलिक एक बार फिर सोशल मीडिया पर छा गई हैं. नेहा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह रेड कलर की बोल्ड ड्रेस में नजर आ रही हैं. उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस उनकी खूबसूरती और कॉन्फिडेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं.इस पोस्ट के जरिए नेहा मलिक ने एक बड़ी घोषणा भी की है. उन्होंने बताया कि उनका पर्सनल ऐप अब लाइव हो चुका है. इस ऐप के जरिए उनके फैंस उनसे चैट कर सकते हैं, डीएम भेज सकते हैं, कॉल और यहां तक कि वीडियो कॉल भी कर सकते हैं. नेहा ने लिखा, बड़ी खबर!! मेरा ऐप अब लाइव है ज यह सिर्फ एक ऐप नहीं है – यह एक संपूर्ण वाइब है ज कच्ची सामग्री, परदे के पीछे, और सबसे अच्छी बात? आप मुझसे चैट कर सकते हैं, डी.एम. भेज सकते हैं, मुझे कॉल कर सकते हैं, यहां तक कि वीडियो कॉल भी कर सकते हैं.

यूजर्स ने नेहा की तस्वीरों पर जमकर कमेंट्स किए हैं। किसी ने उन्हें अद्भुत बताया तो किसी ने लिखा भव्य रानी . नेहा मलिक की यह नई पहल उनके फैंस को उनके और करीब लाने वाली है. इंस्टाग्राम पर उनकी एक्टिविटी और बोल्ड अंदाज पहले से ही काफी पसंद किया जाता है और अब ऐप के जरिए वह अपनी पर्सनालिटी के और भी करीब फैंस को लाने वाली हैं.

### पैन इंडिया फिल्म 45 का टीजर जारी, लॉन्च इवेंट में नजर आए अभिनेता शिवराजकुमार : उपेंद्र

फिल्म '45' में शिवराजकुमार दर्शकों को एक अलग अंदाज में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 अगस्त, 2025 को कन्नड़, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होने वाली है। दक्षिण की कई फिल्में इन दिनों देश भर में रिलीज हो रही हैं और खूब पसंद की जा रही है। इसी लिस्ट में अब फिल्म '45' भी शामिल हो रही है। इस फिल्म के साथ शिवराजकुमार के अलावा उपेंद्र और राज बी शेट्टी भी जुड़े हुए हैं। फिल्म की कहानी में नंबर 45 की बहुत बड़ी भूमिका है। इस फिल्म का लॉन्च इवेंट मुंबई में हुआ, जहां पर इसका टीजर जारी किया गया।

मुंबई लॉन्च इवेंट में एक्टर डॉ. शिवराजकुमार भी पहुंचे थे। फिल्म '45' में अभिनय कर रहे एक्टर डॉ. शिवराजकुमार कहते हैं, 'जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि मुझे इसका हिस्सा बनना ही है। 45 एक ऐसी फिल्म है, जो देश भर के दर्शकों को आपस में जोड़ देगी। यह फिल्म एक अलग छाप दर्शकों पर छोड़ेगी।'

# संजोग का शूट खत्म होते ही नेहा शर्मा ने फैंस से पूछा दिलचस्प सवाल ,आप किस टीम में हो?

संजोग का शूट खत्म होते ही नेहा शर्मा ने फैंस से पूछा दिलचस्प सवाल ,आप किस टीम में हो?

मशहूर एक्ट्रेस नेहा शर्मा इन दिनों हिमाचल प्रदेश में हैं। वह मनाली में अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म संजोग का शेड्यूल पूरा कर चुकी हैं। वह पहाड़ों की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठा रही हैं और सोशल मीडिया पर जमकर फोटोज शेयर कर रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने एक बार फिर अपने हिमाचल ट्रिप की तस्वीरें शेयर की और फैंस से दिलचस्प सवाल पूछा। उनका यह पोस्ट अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

नेहा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें शूटिंग के दौरान के मजेदार बीटीएस पल, बर्फ से ढके पहाड़ों की खूबसूरत वादियां और उनके होटल रूम से दिखने वाला शानदार नजारा शामिल है। वह फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद पूरी टीम के साथ जश्न मनाती भी नजर आईं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा– आप किस टीम के साथ हैं, पहाड़ों में खाई जाने वाली मैगी या गरमा–गरम चाय?

संजोग एक पंजाबी फिल्म है। इसमें जस्सी गिल और हैप्पी रायकोटी जैसे शानदार कलाकार लीड रोल में हैं।



फिल्म का निर्देशन हरीश गार्गी ने किया है।

एक्ट्रेस की यह पहली पंजाबी फिल्म नहीं है, इससे पहले वह गिप्पी ग्रेवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म इक संधू हुंदा सी में नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म का निर्देशन राकेश मेहता ने किया।

नेहा एक्ट्रेस बनने से पहले फैशन डिजाइनर बनने का ख्वाब देखती थीं, इसके लिए उन्होंने कुछ समय तक फैशन इंडस्ट्री में काम भी किया, लेकिन इस दौरान उनका झुकाव फिल्मों की तरफ बढ़ गया और उन्होंने एक्टिंग में करियर बनाने का फैसला किया।

नेहा ने साल 2007 में साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी के बेटे राम चरण की तेलुगू फिल्म चिरुथा में काम किया। इसके बाद साल 2010 में उन्होंने इमरान हाशमी की फिल्म क्रूक से बॉलीवुड में डेब्यू किया और लोगों ने उनके काम को काफी सराहा।

इसके बाद, उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह क्या सुपर कूल हैं, यमला पगला दीवाना 2, तुम बिन 2, मुबारकन, यंगिस्तान, तानाजी जैसी कई फिल्मों में नजर आईं।फिल्मों के अलावा नेहा ने कई वेब सीरीज और म्यूजिक एल्बम्स में भी काम किया है।

वर्कफ्रंट पर बात करें तो वह फिल्म दे दे प्यार दे 2 में भी नजर आने वाली हैं, जो 2019 में आई फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है। इसमें अजय देवगन, तबु और रकुल प्रीत सिंह नजर आए थे।

# ठग लाइफ से सामने आया तृषा कृष्णन का लुक, एक्ट्रेस के 42वें जन्मदिन पर फैंस को मिला बड़ा सरप्राइज

साउथ अभिनेत्री तृषा कृष्णन का आज जन्मदिन है। इस मौके पर पहले विश्वम्भरा के निर्माताओं ने फिल्म से तृषा का शानदार लुक शेयर किया। विश्वम्भरा के बाद अब तृषा की फिल्म ठग लाइफ से उनका एक लाजवाब लुक सामने आया है।

टर्मरिक मीडिया ने तृषा कृष्णन की आगामी फिल्म ठग लाइफ से उनका एक शानदार लुक शेयर किया है। फिल्म के इस लुक में तृषा कुछ सोचती नजर आ रही हैं। व्हाइट शर्ट के साथ रेड स्कर्ट में तृषा सिंपल और खूबसूरत नजर आ रही हैं। वह सीढ़ी पर बैठी किसी गहन विचार में लीन नजर आ रही हैं और इस लुक के साथ पोस्टर पर लिखा है– हैप्पी बर्थ डे तृषा। इस तस्वीर में तृषा के पीछे खुला आसमान दिखाई दे रहा है।

टर्मरिक मीडिया ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर तृषा का ठग लाइफ से एक लुक शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ठगों की दुनिया से दिलों की रानी तक – जन्मदिन मुबारक तृषा कृष्णन, हैप्पी बर्थडे तृषा, ठगलाइफ, ठग लाइफ फ्रॉम, जून5 कमल हासन। फिल्म का निर्माण मणिरत्नम करेंगे और इस



फिल्म का संगीत ए आर रहमान तैयार करेंगे।

ठग लाइफ में कमल हासन और तृषा कृष्णन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मणिरत्नम और एआर रहमान की जोड़ी ठग लाइफ फिल्म में एक साथ काम कर रही है। ठग लाइफ 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। फिल्म में कमल हासन और तृषा के अलावा सिलाम्बरासन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### तृषा के जन्मदिन पर फैंस को मिला सरप्राइज, विश्वम्भरा के निर्माताओं ने रोल के नाम से उठाया पर्दा

मेगास्टार चिरंजीवी की आगामी फैंटेसी फिल्म विश्वम्भरा इस साल रिलीज होगी। लेकिन रिलीज से पहले आज खास तृषा के 42वें जन्मदिन पर फिल्म निर्माताओं ने फिल्म विश्वम्भरा से उनके किरदार के नाम से पर्दा उठा दिया है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रहा है। फिल्म निर्माताओं ने विश्वम्भरा के एक्स हैंडल अकाउंट पर आज तृषा के जन्मदिन पर उनके किरदार के नाम से पर्दा उठा दिया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म विश्वम्भरा से तृषा का लुक शेयर किया और साथ ही फिल्म में उनके किरदार के नाम से भी पर्दा उठाया। इस तस्वीर में तृषा कॉपर रंग की शाइनिंग साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस साड़ी के साथ उन्होंने लाइट ज्वैलरी पहन रखी है और साथ ही माथे पर काले रंग की बिंदी और बालों को खुला रखा है।

# रॉबिनहुड की ओटीटी रिलीज हुई तय, 10 मई से जी5 पर स्ट्रीम होगी नितिन-श्रीलीला की फिल्म

रॉबिनहुड एक तेलुगु एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जो 28 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वेंकी कुदुमुला के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नितिन और श्रीलीला मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्माताओं ने दर्शकों को आकर्षित करने के लिए क्रिकेटर डेविड वार्नर को भी शामिल किया, लेकिन फिल्म को मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली। अब यह फिल्म



डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने के लिए तैयार है।रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबिनहुड 10 मई 2025 से शाम 6 बजे से जी5 पर स्ट्रीम होगी। अगर आपने इसे सिनेमाघरों में नहीं देखा, तो अब घर बैठे श्रीलीला और नितिन की इस फिल्म को देख सकते हैं।फिल्म राम (नितिन) की कहानी है, जो एक अनाथ है। वह भूख और गरीबी में जी रहे अन्य अनाथों के दुख को देखकर बड़ा होता है। इससे प्रेरित होकर वह एक आधुनिक रॉबिनहुड बन जाता है, जो अमीरों से चोरी कर जरूरतमंदों की मदद करता है। दूसरी ओर, एक खतरनाक अपराधी (देवदत्त नागे) रुद्रकोंडा गांव में उगने वाली खास मारिजुआना के जरिए अपना अवैध कारोबार बढ़ाना चाहता है। इसी बीच, फार्मा कंपनी के मालिक अभिनव वासुदेव (सिज्जू) की बेटी नीरा (श्रीलीला) रुद्रकोंडा पहुंचती है, और राम अनजाने में उसके साथ जुड़ जाता है।

# विनय पाठक की ग्राम चिकित्सालय का ट्रेलर जारी, 9 मई को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

ग्राम चिकित्सालय सीरीज का ट्रेलर जारी हो चुका है। ट्रेलर को प्राइम वीडियो ने अपने सोशल मीडिया पेज पर जारी किया है। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि इसमें अमोल पराशर और विनय पाठक अहम रोल में हैं। दोनों ने डॉक्टर की भूमिका निभाई है। अमोल पराशर सरकारी डॉक्टर बने हैं तो वहीं विनय पाठक एक झोला छाप डॉक्टर बने हैं। ट्रेलर पर दर्शक अपना प्यार लुटा रहे हैं। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि छोला छाप डॉक्टर बने विनय पाठक लोगों का इंटरनेट पर सर्च करके इलाज करते हैं। एक महिला उनके पास इलाज कराने आती है। वह उसको इंटरनेट पर देखकर दवा देते हैं। इसके बाद ट्रेलर में अमोल पराशर को दिखाया जाता है जो ग्राम चिकित्सालय में आते हैं और लोगों से कहते हैं कि मैं आपका ग्राम चिकित्सक हूं। अगर आपको कोई भी बीमारी हो तो आप हमसे इलाज कराएं।ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि अमोल पराशर घर–घर जाकर लोगों से पूछते हैं कि किसी को कोई बीमारी है क्या? कई दिनों तक ग्राम चिकित्सालय में कोई भी मरीज नहीं आता है। वहीं दूसरी तरफ झोला छाप डॉक्टर के यहां मरीजों की भीड़ लगी रहती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि गांव के लोग अमोल पराशर के खिलाफ हो जाते हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि सीरीज में गांव में ग्राम चिकित्सालय की हालत के बहाने स्वास्थ्य के प्रति गांव के लोगों की सोच दिखाई गई है। सोशल मीडिया पर ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा गया है कि स्वागत है भितकंडी के चिकित्सालय में, जहां हंसने का मौका मिलेगा और ड्रामा भी।

# अगर आपको नहीं पता कि ज्यादा पानी वाला नारियल कैसे चुनें? तो इन टिप्स को अपनाएं



गर्मियां आते ही नींबू पानी, गन्ने का जूस और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों की मांग काफी बढ़ जाती है. वहीं, इस मौसम में नारियल पानी की मांग सबसे ज्यादा होती है. क्योंकि नारियल पानी में कैल्शियम, सोडियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं. नारियल पानी प्यास बुझाने में मदद करता है. यह एक बेहतरीन पेय है जो शरीर को तुरंत एनर्जी देता है. नारियल पानी पीने के और भी कई स्वास्थ्य लाभ हैं. हालांकि, बाजार से खरीदे गए नारियल में अक्सर पानी कम होता है. इससे न सिर्फ पैसे खर्च होते हैं बल्कि आपका मूड भी खराब होता है. अगर आपके साथ भी ऐसा कई बार हुआ है तो अगली बार बाजार से नारियल खरीदते समय कुछ तरकीबें अपनाएं. अगर आप इन टिप्स को फॉलो करेंगे तो आप पानी से भरा नारियल खरीद सकते हैं. नारियल में मलाई पसंद करने वाले लोग इन टिप्स को फॉलो करके इसे भरपूर मात्रा में खा सकते हैं.

## अधिक पानी वाले नारियल खरीदने के लिए सुझाव

### वजन की जांच करें

अगर आप हमेशा पानी वाले नारियल खरीदते समय ठगे जाते हैं, तो खरीदने से पहले नारियल का वजन जरूर जांच लें. ज्यादा पानी वाला नारियल हमेशा अपने आकार से अधिक भारी लगेगा. नारियल खरीदते समय हमेशा भारी नारियल ही खरीदें क्योंकि हल्के नारियल में पानी की मात्रा कम होती है.

### नारियल को हिलाए और आवाज सुनें

नारियल खरीदते समय पहले उसे हिलाएं. यदि आपको नारियल से पानी की आवाज सुनाई दे तो समझ लीजिए कि उसमें पर्याप्त पानी है. लेकिन यदि नारियल से कोई आवाज नहीं आ रही है, तो हो सकता है कि वह सूखा नारियल हो या उसमें थोड़ी मात्रा में पानी हो. आकार की जांच करें- जब नारियल का पानी क्रीम में बदलने लगता है, तो इसका आकार थोड़ा बढ़ जाता है और छिलका सख्त हो जाता है. इस प्रकार के नारियल में पानी की मात्रा कम होती है. इसलिए हमेशा बड़े आकार के नारियल के बजाय मध्यम आकार के नारियल खरीदें.


### नारियल का रंग

नारियल जितना हरा और ताज दिखता है, उतना ही संभव है कि वह अभी–अभी पेड़ से तोड़ा गया हो. ताजे नारियल में पानी की मात्रा अधिक होती है. लेकिन अगर नारियल भूरा, पीला–हरा या हरा–भूरा है, तो उसे न खरीदें. क्योंकि इस तरह के नारियल में पानी कम और मलाई की मात्रा होती है. इसलिए खरीदते समय रंग पर ध्यान दें.

### गोल नारियल

पानी से भरा नारियल खरीदने का सबसे आसान तरीका उसका आकार है. नारियल खरीदते समय हमेशा गोल आकार का नारियल ही खरीदें. क्योंकि गोल दिखने वाले नारियल में पानी ज्यादा होता है. ऐसे नारियल थोड़े कच्चे हो सकते हैं. लेकिन जैसे–जैसे नारियल पकता है, उसके अंदर का पानी क्रीम में बदल जाता है. गोल आकार के नारियल में पानी ज्यादा और क्रीम कम होती है.

# मोबाइल चार्ज करने के बाद चार्जर को प्लग में लगा कर न रखें, हो सकता है खतरनाक



मोबाइल फोन या किसी अन्य डिवाइस को पूरी तरह चार्ज करने के बाद कई लोग चार्जर को आउटलेट में प्लग करके छोड़ देते हैं. उन्हें लगता है कि ऐसा करना हानिकारक नहीं होता है. हालांकि ऐसा नहीं है. यह एक ऐसी आदत है जिसमें कई रिस्क होते हैं जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, जैसे कि अनावश्यक बिजली की खपत से लेकर अधिक गरम होने और संभावित आग के खतरों तक. चार्जर को प्लग करके छोड़ने के परिणाम कई लोगों की समझ से कहीं ज्यादा गंभीर होते हैं. इस खबर में, आज इस खबर के माध्यम से जानें आदत से जुड़े कई गंभीर रिस्क के बारे में...

### आग लगने का खतरा

आज की टेक–फोकस्ड दुनिया में, घरों में प्लग–इन फोन चार्जर एक आम दृश्य बन गया है, जिसे अक्सर तब भी चालू छोड़ दिया जाता है जब डिवाइस सक्रिय रूप से चार्ज नहीं हो रहा होता है. हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह आदत खतरनाक हो सकती है. इन आदतों के कारण लोगों को आग लगने का अधिक खतरा होता है. जब आपका फोन कनेक्ट नहीं होता है, तब भी चार्जर थोड़ी मात्रा में बिजली लेता है. समय के साथ, यह निरंतर एनर्जी फ्लो चार्जर को अधिक गर्म कर सकता है. सस्ते या पुराने चार्जर में, अधिक गरम होने से चिंगारी, पिघलना या यहां तक कि आग लग सकती है.

### बिजली की बर्बादी

प्लग–इन चार्जर तब भी बिजली की खपत करता है जब वह डिवाइस को चार्ज नहीं कर रहा होता है. भले ही बिजली की खपत कम मात्रा में हो रही होती है, लेकिन यह महीनों और सालों में बढ़ती जाती है. इससे एनर्जी की बर्बादी भी होती है.

### चार्जर को नुकसान

बिना इस्तेमाल के लगातार बिजली मिलने से चार्जर के इंटरनल कंपाउंड तेजी से खराब हो सकते हैं. इससे चार्जर ठीक से काम भी नही करता है और कभी –कभी खराब भी हो सकता है.

### बिजली के झटके

अगर अचानक बिजली का झटका लगता है (जैसे बिजली गिरने के दौरान), तो प्लग–इन चार्जर क्षतिग्रस्त हो सकता है और कुछ मामलों में, अगर इसे अनदेखा किया जाए तो यह खतरनाक भी हो सकता है.

### शॉर्ट सर्किट का खतरा

प्लग–इन रहने वाले चार्जर में आंतरिक खराबी आ सकती है. इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे आपके घर में आग लगने या बिजली के नुकसान का खतरा बढ़ जाता है.

इसलिए यदि आप चार्जर का उपयोग न कर रहे हों तो उसे अनप्लग करना आपके डिवाइस के लिए सुरक्षित, सस्ता और बेहतर है.

# पाकिस्तान में क्वेटा-कराची हाईवे पर पुलिस वैन पर चली ताबड़तोड़ गोलियां, 5 पुलिसकर्मी बंधक बनाए, 10 कैदी फरार




इस्लामाबाद (आरएनएस) । पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में क्वेटा-कराची हाईवे पर एक बड़ी सुरक्षा चूक और हमले की खबर सामने आई है। मंगोचर इलाके में हथियारबंद हमलावरों ने एक पुलिस वैन को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलीबारी की है। इस हमले के बाद हमलावर पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए और वैन में सवार 10 कैदियों को भी छुड़ाकर फरार हो गए। यह घटना क्वेटा-कराची हाईवे पर मंगोचर के पास हुई।

बताया जा रहा है कि हमलावरों ने घात लगाकर पुलिस की गाड़ी पर हमला किया, जिसमें कैदियों को ले जाया जा रहा था। अचानक हुई गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गई।हमले को अंजाम देने के बाद, बंदूकधारी वैन पर नियंत्रण पाने में सफल रहे। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। इसके अलावा, वे वैन में मौजूद 10 कैदियों को भी अपने साथ ले गए, जिससे कैदी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंचीं।

## मर रहा है हॉलीवुड', ट्रंप ने अमेरिका से बाहर की फिल्मों को दिया झटका, लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ



वॉशिंगटन (आरएनएस) । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा और विवादास्पद कदम उठाते हुए अमेरिका के बाहर बनी फिल्मों पर 100त्न टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि हॉलीवुड इंडस्ट्री मर रही है और इसकी वजह अन्य देशों द्वारा दी जा रही भारी सब्सिडी और सुविधाएं हैं, जो अमेरिकी निर्माताओं को बाहर फिल्म बनाने के लिए उकसाती हैं।

ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा, यह एक सुनियोजित प्रयास है, जिससे अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री को खत्म किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। हॉलीवुड, और अमेरिका के कई सेक्टर्स तबाही की कगार पर हैं।

ट्रंप ने दोहराया कि वह चाहते हैं कि फिल्में फिर से अमेरिका में शूट और प्रोड्यूस की जाएं। इस बयान के बाद अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने भी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रशासन इस दिशा में काम कर रहा है।

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह टैरिफ सीधे विदेशी स्टूडियोज़ को निशाना बनाएगा या अमेरिकी कंपनियों को भी प्रभावित करेगा जो विदेशों में शूटिंग करती हैं।

## चेन्नई से श्रीलंका के लिए उड़ते विमान में संदिग्धों के बारे में जानकारी मिलने से मच गया हड़कंप, भारत ने किया अलर्ट

श्रीलंका ,(आरएनएस) । पहलगाम आतंकी हमले के बाद लगातार ऐसी फ्लाइट्स पर नज़र रखी जा रही हैं, जिनमे संदिग्ध यात्रा कर रहे हों. ऐसे में तीन मई को चेन्नई एयरपोर्ट से श्रीलंकन एयरलाइंस के उड़ान भरते ही श्रीलंका को जानकारी दी गई की उसमे 6 संदिग्ध यात्रा कर रहे हैं, जिसके लैंड होने के बाद श्रीलंका के भंडारानायके अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट को स्पेशल सिक्योरिटी ऑपरेशन से गुज़ारा गया और 6 संदिग्धों को पकड़ा गया है और पूछताछ की जा रही है.

**श्रीलंकन एयरलाइंस का ब्यान**

श्रीलंकन एयरलाइंस ने इस मामले पर एक ब्यान जारी किया है जिसके बाद ये जानकारी सामने आई, एयरलाइंस के मुताबिक फ्लाइट संख्या रु 122, जो कोलंबो में सुबह 11 बजकर 59 मिनट पर लैंड हुई. उसको आतंकी संदिग्ध होने के चलते गहन जांच से गुज़ारा गया, चेन्नई ATC की तरफ़ से कुछ संदिग्ध के बारे में चेतावनी दी गई थी, जिसके विमान में होने की संभावना थी और फ्लाइट के भंडारानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड होते ही जांच शुरू की गई. ताज़ा जानकारी के मुताबिक़ जांच पूरी कर ली गई है और संदिग्ध को सुरक्षाबलों के हवाले कर दिया गया है.


## विज्ञापन

**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ ई-टेंडरिंग/406/1544**

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**

**जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**

ई मेल- mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

**फोन- 0755-2553402 फैक्स-0755-2552406**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा सूचना क्रमांक- 603/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 01/5/25

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 16-05-2025 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_393523 | छोटी उतावली मध्यम सिंचाई परियोजना में पर्यावरण प्रभाव का आंकलन बावत। | बुरहानपुर | 11.36 |
| 2 | 2025_WRD_412165 | आवासीय कार्यालय, माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, भोपाल एवं कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल में स्थित डेजर्ट एयर कूलर्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 4.58 |
| 3 | 2025_WRD_413554 | गुलबाडा (नहर रहित) लघु सिंचाई योजना के सर्वेक्षण का कार्य। | रायसेन | 1.22 |
| 4 | 2025_WRD_413555 | गुटोरी लघु सिंचाई योजना के सर्वेक्षण का कार्य । | रायसेन | 1.03 |
| 5 | 2025_WRD_413556 | गुण नियंत्रण शाखा की मुख्य प्रयोगशाला के दैनिक परीक्षण एवं रखरखाव एवं क्वालिटी कंट्रोल तथा डिविजन ऑफिस कम्पाउन्ड का कार्य। | रायसेन | 5.90 |
| 6 | 2025_WRD_414092 | देजला देवड़ा एवं अम्बकनाला जलाशयों के 06 जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 7 | 2025_WRD_414096 | उपसंभाग, मंडलेश्वर एवं सेंगांव के 04 नग जलाशयों के 08 जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.39 |
| 8 | 2025_WRD_ 414454 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली की बड़गांव मायनर नं.02 के चैन क्र.0 से 114 के मध्य जंगल सफाई, सिल्ट क्लियरेंस एंव बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 2.78 |
| 9 | 2025_WRD_ 414456 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली की कोतरी मायनर के चैन क्र.0 से 125 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.37 |
| 10 | 2025_WRD_414458 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली के बेनेगांव वितकर के चैन क्र. 65 से 96 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 2.80 |
| 11 | 2025_WRD_414460 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली के वाराफिडर नहर के चैन क्र. 65 से 225 के मध्य मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.79 |
| 12 | 2025_WRD_414462 | ढूटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 348 से 358 एवं 630 से 650 के नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बांये पार्श्व में बैंक रेजिग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 4.17 |
| 13 | 2025_WRD_414463 | ढूटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 0 से 03 एवं डाउनस्ट्रील चैन क्र. 03 से 10 तक नहर तल में जमा मिटटी निकालने का कार्य। | बालाघाट | 3.87 |
| 14 | 2025_WRD_414464 | ढूटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन मगदर्रा वितरक नहर में जमा मिट्टी निकालने एवं दोनों बैंक के पार्श्व का बैंक रेजिंग कार्य। | बालाघाट | 3.63 |
| 15 | 2025_WRD_414720 | उपसंभाग बालाघाट के मध्यम टेंको के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 0.96 |
| 16 | 2025_WRD_414748 | उपसंभाग लांजी के कुल 34 माईनर टेंको के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 1.95 |
| 17 | 2025_WRD_414762 | बैहर संभाग के कुल 63 माईनर टेंको के स्लूस गेटों का वार्षिक मरम्मत व रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 3.94 |
| 18 | 2025_WRD_414978 | उमरिया जिले के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत व रखरखाव कार्य। | रीवा | 3.00 |
| 19 | 2025_WRD_414979 | धनवाही व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों होइस्ट असेम्बली एवं अन्य सम्बद्ध सयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 2.08 |
| 20 | 2025_WRD_414980 | बसाढ़ व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों होइस्टअसेम्बली एवं अन्य सम्बद्ध सयंत्रों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | रीवा | 1.00 |
| 21 | 2025_WRD_414981 | शहडोल के ब्यौहारी विकासखण्ड के 11 नग जलाशयों के 15 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.15 |
| 22 | 2025_WRD_414982 | अनूपपुर राजेन्द्रग्राम विकासखण्ड के 26 नग जलाशयों के 32 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 3.04 |
| 23 | 2025_WRD_414983 | अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखण्ड के 09 नग जलाशयों के 10 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य। | रीवा | 1.00 |
| 24 | 2025_WRD_414985 | अनूपपुर के जैतहरी विकासखण्ड के 15 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.02 |
| 25 | 2025_WRD_414987 | सीधी के जलाशयों एवं बांधो के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.56 |
| 26 | 2025_WRD_414988 | सिंगरौली के जलाशयों एवं बांधो के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.68 |
| 27 | 2025_WRD_414989 | सीधी एवं सिंगरौली के मध्यमम (बरचर एवं माढी) के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 0.65 |
| 28 | 2025_WRD_414991 | मैहर के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 3.65 |
| 29 | 2025_WRD_414992 | कोठी एवं सतना सर्वेक्षण उपसंभाग के बांधो एवं जलाशयों के जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.40 |
| 30 | 2025_WRD_414993 | नागौद उपसंभाग जलाशयों के स्लूस जलद्वारों की मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.55 |
| 31 | 2025_WRD_ 414994 | मउगंज के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रीवा | 3.70 |
| 32 | 2025_WRD_414995 | रीवा के जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रीवा | 1.72 |
| 33 | 2025_WRD_415135 | उपसंभाग जावद के 27 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 8.90 |
| 34 | 2025 _WRD_415136 | उपसंभाग रामपुरा के 12 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 4.54 |
| 35 | 2025_WRD_415137 | रामपुरा रिंग बण्ड पर श्रमिक प्रदाय करने का कार्य। | नीमच | 3.07 |
| 36 | 2025_WRD_415138 | उपसंभाग रामपुरा के पडदा, अमरपुरा तालाब एवं देवरी सोमिया स्टापडेम का मरम्मत एवं रिपेयर कार्य। | नीमच | 8.51 |
| 37 | 2025_WRD_415338 | शहडोल जयसिंहनगर विकासखण्ड के 11 नग जलाशयों 17 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.25 |
| 38 | 2025_WRD_415339 | शहडोल के सोहागपुर विकासखण्ड के 18 नग जलाशयों 23 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.75 |
| 39 | 2025_WRD_415340 | शहडोल के बुढार एवं गोहपारू विकासखण्ड के 30 नग जलाशयों के 33 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.68 |
| 40 | 2025_WRD_415691 | भीकारखेडी तालाब की मुख्य नहर का मिटटी, पक्के कार्य एवं लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.22 |
| 41 | 2025_WRD_415695 | डेहरी नं. 02 तालाब की नहर लाईनिंग का विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.24 |
| 42 | 2025_WRD_415698 | गाडी गलतार तालाब के स्टील फ्लुम विशेष मरम्मत कार्य। | खरगौन | 4.19 |
| 43 | 2025_WRD _415842 | दिग्धा नं. 01 लघु जलाशय की बंड का मरम्मत एवं जंगल सफाई का कार्य। | बालाघाट | 1.34 |
| 44 | 2025_WRD_415844 | चिखला जलाशय नं. 01 की नहर एल.बी.सी. के 0 से 39.00 मध्य नहर में जमा मिट्टी एवं झाड़ियों की सफाई एवं नहर के पार्श में लगे होल का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 1.44 |
| 45 | 2025_WRD_415845 | चिखला जलाशय नं. 01 की पार के 0 से 20.00 मध्य रेनकट भराई एवं झाड़ियों की सफाई कार्य। | बालाघाट | 1.99 |
| 46 | 2025_WRD_415847 | ढूंटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 1220 से 1230, 1301 से 1310 एवं 1358 से 1368 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बाये पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 3.79 |
| 47 | 2025_WRD_415849 | ढूंटी बांयी तट मुख्य नहर के चैन क्र. 780 से 795 एवं 1020 से 1030 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी निकालने का कार्य एवं बाये पार्श्व में बैंक रेजिंग का सुधार कार्य। | बालाघाट | 3.71 |
| 48 | 2025_WRD_416112 | विभिन्न कार्यालयों हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | बालाघाट | 10.26 |
| 49 | 2025_WRD_416407 | मैना तालाब की नहर की पाईप बदलने एवं पुलिया निर्माण कार्य। | सीहोर | 2.66 |
| 50 | 2025_WRD_416421 | सिद्दीकगंज तालाब के वेस्ट वीयर मरम्मत कार्य। | सीहोर | 2.13 |
| 51 | 2025_WRD_416960 | दलीपुर बैराज का सर्वे कार्य। | छतरपुर | 0.50 |
| 52 | 2025_WRD_416971 | सेमरी परियोजना उपसंभाग बेगमगंज के 07 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 2.06 |
| 53 | 2025_WRD_416973 | उपसंभाग गैरतगंज के निर्मित 23 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 7.10 |
| 54 | 2025_WRD_416974 | अपर पलकमती शीर्ष कार्य उपसंभाग सुल्तानपुर के 18नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 8.48 |
| 55 | 2025_WRD_ 416975 | उपसंभाग, देवरी के 18 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 7.42 |
| 56 | 2025_WRD_416976 | उपसंभाग औबेदुल्लागंज के 17 नग बैराजों के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य। | रायसेन | 3.70 |
| 57 | 2025_WRD_416978 | सिंहपुर बैराज सिंचाई परियोजना में विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.92 |
| 58 | 2025_WRD_416979 | कुटनी पोषाक बांध में विभिन्न प्रकार के विद्युत यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.68 |
| 59 | 2025_WRD_416980 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना पर विद्युतीय अवयवों के प्रदाय सहित स्थापना एवं अन्य कार्य। | सागर | 16.56 |
| 60 | 2025_WRD_417249 | उपसंभाग क्र. 1 बुरहानपुर के 17 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत एवं रखरखाद का कार्य। | बुरहानपुर | 11.82 |
| 61 | 2025_WRD_417250 | उपसंभाग क्र. 3 नेपानगर के 7 बैराजों के गेटों को खोलने एवं बंद करना तथा मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | बुरहानपुर | 8.10 |
| 62 | 2025_WRD_417485 | उपसंभाग, थांदला के 09 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 63 | 2025_WRD_417487 | उपसंभाग, पेटलावद के 06 नग जलाशयों के 06नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 0.84 |
| 64 | 2025_WRD_417521 | बानगंगा जलाशय एवं नहर का सर्वे एवं अनुसंधान 620 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का कार्य। | जबलपुर | 3.62 |
| 65 | 2025_WRD_417582 | कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, कार्यालय मुख्य अभियंता (वि./ यां.) एवं कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वि./या. मंडल भोपाल में स्थित एयर कंडीशनर्स का सुधार एवं मरम्मत का | भोपाल | 2.66 |
| 66 | 2025_WRD_417589 | मकड़ाई उपनहर की चैन क्र. 143 पर क्षतिग्रस्त सी.आर. एवं एच. आर. की विंग / रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 4.47 |
| 67 | 2025_WRD_417590 | मकड़ाई उपनहर की चैन क्र. 19.25 पर क्षतिग्रस्त सी.डी. की विंग/रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 6.15 |
| 68 | 2025_WRD_417592 | मकड़ाई उपनहर की सिवनी मालवा माइनर,जमुनिया माइनर एवं 21 एल. माइनर क्षतिग्रस्त एच.आर. की रिटेनिंग वॉल का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.69 |
| 69 | 2025_WRD_417593 | तबा बांयी तट मुख्य नहर चैन क्र. 2617 पर स्थित मोरण्ड एक्वाडक्ट एवं चैन क्र. 2881 पर स्थित गंजाल एक्वाडक्ट का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 17.82 |
| 70 | 2025_WRD_417594 | राजौरा उपरहर की चैन क्र. 04 एवं 62 पर एवं गाजनपुर उपनहर की चैन क्र. 12, 35 एवं 65 पर 05 नं. क्षतिग्रस्त एच.आर. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 9.82 |
| 71 | 2025_WRD_417595 | गाजनपुर उपनहर की चैन क्र. 27,38,157 एवं 168 एवं राजोरा जाट उपनहर चैन क्र. 57, 65, 73, एवं 08 नं. क्षतिग्रस्त फाल का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 9.69 |
| 72 | 2025_WRD_417597 | तवा कालोनी सिवनी मालवा के जी-टाइप एवं एच-टाईप भवन की रूफ कवरिंग का कार्य। | नर्मदापुरम् | 8.28 |
| 73 | 2025_WRD_417598 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 90 एवं 160 पर क्षतिग्रस्त फाल का पुर्ननिर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 7.35 |
| 74 | 2025_WRD_417599 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 52 एवं 120 तथा जीजलवाड़ा माइनर की चैन क्र. 180 पर व्ही. आर. बी.का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 8.29 |
| 75 | 2025_WRD_417600 | सतवासा उपनहर की चैन क्र. 110 एवं जीजलवाडा माइनर की चैन क्र. 224 क्षतिग्रस्त एच.आर. का पुनर्निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.29 |
| 76 | 2025_WRD_417602 | रायगढ़ उपनहर की मिट्टी निरखी माइनर की चैन क्र.93 पर व्ही.आर.बी. एवं 129 पर एच.आर एवं मलकाखेड़ी माइनर पर चैन क्र. 11,124,288 व 333 पर व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 13.94 |
| 77 | 2025_WRD_417908 | मडीखेडा बांध पर डीवाटरिंग के लिए ब्लॉक क्र. 17 की गैलरी में स्थापित 3 नग व्ही टी पम्प की मरम्मत का कार्य करने बावत्। | दतिया | 3.81 |
| 78 | 2025_WRD_417910 | मडीखेडा बांध पर रेडियल गेटों के हाइड्रॉलिंक सिस्टम का सुधार, मरम्मत एवं ओवरहौलिंग कार्य। | दतिया | 4.06 |
| 79 | 2025_WRD_417911 | मडीखेडा बांध पर 10 नग रेडियल गेटों 4 नग वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व ऑइलिंग ग्रीसिंग कार्य। | दतिया | 1.79 |
| 80 | 2025_WRD_417912 | अंगूरी बांध पर 6 स्पिल्वै गेटों एवं 3 हेड रेगुलेटर का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | दतिया | 3.28 |
| 81 | 2025_WRD_417913 | अंगूरी बैराज,पहुँच बैराज एवं सभी टैंकों का साधारण मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 2.78 |
| 82 | 2025_WRD_417914 | समोहा पिक अप वियर पर वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 2.72 |
| 83 | 2025_WRD_417915 | मोहिनी पिक अप वियर पर वर्टिकल लिफ्ट गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 3.39 |
| 84 | 2025_WRD_417916 | मोहिनी पिक अप वियर पर आर.बी.सी. गेटों, फीडर नहर गेटों,क्रॉस रेगुलेटर गेटों, दो-आब एच. आर. गेटों का वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 1.62 |
| 85 | 2025_WRD_417917 | लालपुर बरूआ पिक अप वियर एवं डुकमा हेड पर वर्षापूर्व मरम्मत एवं सुधार कार्य। | दतिया | 1.23 |
| 86 | 2025_WRD_418041 | इटारसी उपनहर अनुविभाग के एच. आर. एवं बाईखेड़ी माईनर नं.01, रोहना माईनर नं. 03 सावलखेड़ा माईनर न.01व 3,तथा जैतपुर माईनर के मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 7.26 |
| 87 | 2025_WRD_418042 | अस्थायी बंड़ बनाकर तवा बांध के स्टिलिंग बेसिन को खाली करने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 16.53 |
| 88 | 2025_WRD_418256 | उपसंभाग, हटा के स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 5.63 |
| 89 | 2025_WRD_418258 | उपसंभाग, दमोह के अधीन के स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 11.97 |
| 90 | 2025_WRD_418259 | उपसंभाग, तेंदुखेडा/जबेरा के अधीन निर्मित स्टापडेमों के शटर लगाने एवं खोलने का कार्य। | दमोह | 3.63 |
| 91 | 2025_WRD_418260 | जमुनिया जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 10.33 |
| 92 | 2025_WRD_418261 | हरदुवा पांजी जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 2.25 |
| 93 | 2025_WRD_418262 | धनगौर जलाशय का सुधार कार्य। | दमोह | 14.76 |
| 94 | 2025_WRD_418295 | उपसंभाग, नेपानगर एवं बुरहानपुर के 13 नग जलाशयों के 30 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.68 |
| 95 | 2025_WRD_418298 | उपसंभाग, खालवा के 22 नग जलाशयों के 31 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.51 |
| 96 | 2025_WRD_418301 | उपसंभाग, जोबट के 06 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.69 |
| 97 | 2025_WRD_418305 | देवास संभाग, के 03 नग जलाशयों के 07 नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 2.25 |
| 98 | 2025_WRD_418306 | बोरगांव एवं पंधाना संभाग के 09 नग जलाशयों के 16नग जलद्वारों का सुधार एवं रख-रखाव कार्य। | धार | 1.59 |
| 99 | 2025_WRD_418437 | चौराई अंतर्गत सिहोरा से माछागौरा एन.एच. 347 रोड़ निर्माण में आ रही एल.टी. लाईन शिफ्टिंग म.प्र.पू.क्षे.वि.कं.लि. प्रोजेक्ट क्र.819433 का कार्य। | नरसिंहपुर | 17.92 |
| 100 | 2025_WRD_418438 | उपसंभाग करेली के लघु जलाशयों के स्लूस गेटों का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 2.31 |
| 101 | 2025_WRD_418579 | घोघरा परियोजना उपसंभाग, सीहोर अन्तर्गत छतरी बैराज का मरम्मत कार्य। | सीहोर | 5.09 |
| 102 | 2025_WRD_418696 | बारना विस्तारीकरण नेटवर्क की पोषक नहर आर. डी.2520 मी. पर इनलेट स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। | रायसेन | 8.68 |
| 103 | 2025_WRD_418720 | उपसंभाग जबलपुर, जिला मध्यम / माईनर जलाशयों के सी.आर. स्केप गेटों का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 2.84 |
| 104 | 2025_WRD_418721 | उपसंभाग कुंडम, जिला जबलपुर के मीडियम/लघु टैंको के स्लूस गेटों का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 0.69 |
| 105 | 2025_WRD_418722 | उपसंभाग जबलपुर उपसंभागीय कार्यालय मेहगांवटोला के कुंडल/बरेला ब्लॉक के टेंकों के स्लूस गेटों (मीडियम/माईनर) का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नरसिंहपुर | 0.91 |
| | | | **कुल योग** | **482.58** |

जी/12357/25 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें **मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )**

# रीडर आईडी पर राजस्व प्रकरण पेंडिंग रखने वाले रीडरों पर प्रभावशील कार्यवाही की जाए : कमिश्नर श्री तिवारी

## जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य न करने वाले सीईओ पर कार्यवाही अधिरोपित की जाए गंभीर मरीजों को रेफर करने पीएम श्री एंबुलेंस का उपयोग किया जाए



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि एसडीएम एवं तहसीलदार के रीडर अपनी आईडी पर आने वाले राजस्व प्रकरणों को अनावश्यक पेंडिंग रख रहे हैं, रीडर प्रकरणों की जानकारी ना एसडीएम को दे रहे हैं और ना ही तहसीलदार को, राजस्व प्रकरणों को पेंडिंग रखने वाले ऐसे रीडरों पर कलेक्टर प्रभावशाली कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में बेहतर कार्य नहीं कर पा रहे है। अपने रीडर की आईडी चेक नहीं कर रहे हैं। बताया गया की नर्मदापुरम हरदा एवं बैतूल में एसडीएम व तहसीलदार के रीडर्स आईडी पर बहुत सारे प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित चल रहे हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी राजस्व प्रकरणो को ऑनलाइन किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन से संबंधित सभी प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज किया जाए, कोई भी प्रकरण ऑफलाइन ना रहे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की भू अर्जन के प्रकरण भी पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिस विभाग को भू अर्जन करना है वह भू अर्जन पोर्टल पर प्रकरण अपलोड करेंगे लेकिन ठीक इसके विपरीत हो रहा है संबंधित विभाग एसडीएम को प्रकरण भेज रहे हैं। एसडीएम उन प्रकरणों को ऑफलाइन किए हुए हैं और कलेक्टर के पास नहीं भेज रहे हैं। कमिश्नर ने ऐसी स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रकरण पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाएं।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक किए गए कार्य के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रुचि लेकर कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सभी सीईओ को चेतावनी देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अपेक्षित प्रगति लाई जाए और यदि कार्य पालन में लापरवाही बरती जाएगी तो संबंधित सीईओ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

उन्होंने शासन द्वारा खेत तालाब के लिए दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही तीनों जिलों यथा बैतूल हरदा और नर्मदापुरम के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह और अधिक मेहनत कर जल गंगा संवर्धन अभियान में शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बेहतर कार्य का प्रेजेंटेशन भी तैयार करें।कमिश्नर ने पीएम श्री एम्बुलेंस से अब तक हरदा व बैतूल में मात्र एक-एक गंभीर मरीजों को रेफर करने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गंभीर मरीजों एवं सड़क दुर्घटना में घायल गंभीर व्यक्तियों को तत्काल पीएम एंबुलेंस से रेफर किया जाए। उन्होंने नर्मदापुरम द्वारा अब तक पीएम एंबुलेंस का उपयोग न करने पर नाराजगी व्यक्त की साथ ही निर्देश दिए की गंभीर मरीजों को पीएम एंबुलेंस से भोपाल रेफर किया जाए, पीएम एंबुलेंस का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।

# लगातार चोरी की घटनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

### कालोनियों के नागरिकों में बना हुआ है भय का वातावरण



नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के अनेक क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस कारण शहर के नागरिकों को पुलिस थाने में चोरी को रोकने के लिए ज्ञापन देना पड़ रहा है। सोमवार को शहर के समाजसेवी युवाओं के द्वारा इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए थाने में पहुंच कर चोरियों पर लगाम लगाने के लिए ज्ञापन दिया गया है। नागरिकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विगत कुछ महिनों से छोटी पहाडिया, ईडन पार्क व पहाडिया क्षेत्र के समीप स्थित कालोनियों व रहवासी क्षेत्रों में चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। इस क्षेत्र में करीब 6-7 चोरियां हो चुकी हैं। जिसका पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। इस कारण चोरों के होसले बुलंद हैं। चोर कुछ अंतराल बाद दूसरे स्थान पर चोरी कर रहे हैं। इस तरह चोरों के आंतक के चलते कालोनयों के नागरिकों में दहशत का माहौल है। पुलिस द्वारा गश्त भी नहीं की जा रही है। पुलिस के वाहन भी नहीं आते हैं। इससे चोर निश्चिंत होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मुख्यालय की कालोनियों में पुलिस की गश्त नहीं होने से नागरिक असुरक्षित मेहसूस कर रहे हैं। चोरों के गिरोह सक्रिय हैं। इसी कारण लगातार चोरियां बढ़ती जा रही है। उन्हें पुलिस का भय ही नहीं है। ज्ञापन में यह मांग की गई है बीते दिनों हुई चोरियों की घटना का पर्दाफास किया जाए। चोरों को पकड़ा जाए। साथ ही ज्ञापन में उल्लेखनीय बातों को गंभीरता से लिया जाए। ज्ञापन देने वालों में समाजसेवी स्वदेश सैनी के साथ ही दिनेश सगर, संदीप यादव, प्रियांशु सैनी, अंकित मेहरा, रंदीप धुर्वे, अभिषेक, तनिष्क सैनी, अंसुल मिश्रा, अज्जु मिश्रा, दीपक मजरे, मोहित कुशवाह, संदीप कुमार,बलवंत सिंह राजपूत, अर्जुन कहार सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# नेशनल मास्टर गेम्स में मप्र कबड्डी टीम रही प्रथम, नर्मदापुरम के गोपाल सिंह ने किया नाम रोशन






नर्मदापुरम (निप्र)। हिमाचल प्रदेश में विगत दिनों नेशनल मास्टर गेम्स का आयोजन हुआ। जिसमें देश के अनेक प्रांतों के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। कबड्डी के खेल में मप्र की टीम प्रथम विजेता रही। इस टीम में शामिल नर्मदापुरम के गोपाल सिंह ने नर्मदांचल का नाम रोशन किया। वहीं सिंगरोली से राजेंद्र कुमार भी टीम में शामिल रहे। इस उपलब्धी पर नर्मदापुरम के खिलाडियों ने गोपाल सिंह को शुभकामनाएं दी हैं।

# 10 मई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

### आपसी समझौते से अपराधिक समझौता योग्य मामले, बिजली बिल, वैवाहिक विवाद, निराकृत किए जाएंगे

*नर्मदापुरम (निप्र) आगामी 10 मई को जिला न्यायालय के प्रांगण में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत जिले के सभी तहसील खंडपीठों में भी आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में अपराधिक समझौता योग्य मामले भुगतान एवं निपटान अधिनियम के मामले बैंक वसूली, बिजली बिल, जल बिल वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर ) तथा सिविल मामले जैसे किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा, मुकदमे विशिष्ट, प्रदर्शन मुकदमे आदि एवं अन्य मामलों का आपसी सुलह एवं समझौता से निराकरण किया जाएगा। तत संबंध में सोमवार को नेशनल लोक अदालत की जानकारी देते हुए न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार पाठक ने बताया कि 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह एवं समझौते से 1335 मामलों का निराकरण किया जाएगा। जिसमें अपराधिक समझौता योग्य 585 मामलों का निराकरण दोनों पक्षों के साथ आपसी राजी नामा एवं समझौता के माध्यम से किया जाएगा। इसी क्रम में एन आई अधिनियम के मामले धारा 138 के तहत अपील मामले धारा 138 एन आई के तहत 285, बैंक धन वसूली से संबंधित चार मामले, एमएसीटी से संबंधित 59, बिजली बिल से संबंधित 60 मामले, जल बिल गैर कंपाउंडेबल को छोड़कर 20 मामले, वैवाहिक विवाद के 73, अन्य सिविल मामले जैसे किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे, विशिष्ट प्रदर्शन मुकदमे आदि से संबंधित 48, निष्पादन एमजेसी मामले 13 अन्य मामले 75, यू एनसीआर के 83 तथा एमजेसीआर के चार मामले आपसी राजी नामा से निराकृत किए जाएंगे।*

# सक्षम द्वारा दिव्यांगजनों के समुचित विकास हेतु वार्षिक योजना बनाई

### प्रांत के जिलों के लोगों ने नर्मदापुरम में दो दिनों तक मंथन कर बनाई विस्तृत योजना



नर्मदापुरम (निप्र)। समदृष्टि, क्षमताविकास एवं अनुसंधान मंडल जिला नर्मदापुरम द्वारा वार्षिक प्रांत योजना बैठक का आयोजन नर्मदापुरम में किया गया। इस अवसर पर प्रांत के सभी जिलों के सक्षम के पदाधिकारी दो दिन का मंथन करने हेतु नर्मदापुरम पधारे। दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए पूरे देश में कार्यरत एकमात्र राष्ट्रवादी संगठन सक्षम के मध्य भारत प्रांत में आगामी एक वर्ष तक दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए क्या.क्या कार्य किए जाएंगे इसका निर्धारण नर्मदापुरम में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जीए प्रांत संरक्षक रविंद्र कोपरगांवकर प्रांत अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव सचिव दिनेश शर्मा सहित प्रांत के विभिन्न पदाधिकारी तथा जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर ने संबोधित करते हुए आगामी वर्ष के कार्यों का निर्धारण कराया। सात सत्रों में विभिन्न पदाधिकारियों ने संबोधित किया। समापन सत्र में डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर ने संबोधन में सक्षम कार्यों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

दोपहर को प्रान्त योजना बैठक के संपन्न होने के पश्चात सायं को जिले का संत सूरदास जयंती कार्यक्रम मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभूति कागज कारखाना के मुख्य महाप्रबंधक वेंकटेश कुमार राष्ट्रीय संगठन मंत्री सक्षम चंद्रशेखर प्रांत अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव प्रख्यात चिकित्सक एवं विभाग संपर्क प्रमुख डॉ अतुल सेठा मंचसीन हुए। वेंकटेश कुमार ने अपने उद्बोधन में संत सूरदास के जीवन तथा उनके पदों के अर्थ भावार्थ निहितार्थ पर विस्तृत प्रकाश डालाए उन्होंने सक्षम के कार्यों की सराहना की। चंद्रशेखर राष्ट्रीय संगठनमंत्री ने सक्षम द्वारा दिव्यांग जनों द्वारा के लिए किया जा रहे कार्यों नेत्र कुंभ के माध्यम से दो लाख से अधिक लोगों के नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण की जानकारी दी। उन्होंने महान संत सूरदास जी के जीवन व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं और उनके कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ अतुल सेठा ने सक्षम नर्मदापुरम के पिछले तेरह वर्षों के कार्यों को उल्लेखित किया। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष सक्षम डॉ आशीष चटर्जी ने बताया कि नर्मदापुरम जिला सदैव ही दिव्यांग कल्याण हेतु कार्यरत रहा है। इस वर्ष सक्षम के सभी तहसीलों में सक्षम की कार्यकारिणी बना ली गई है जिसके माध्यम से जिले के दूरदराज तक दिव्यागजनों तक विकास कार्य पहुंच सकेगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रांत में दिव्यांग कल्याण के कार्य हेतु सक्षम के तत्वावधान में सभी लोग एकजुट होकर कार्य करने हेतु प्रयास कर रहे हैं। यह कार्यक्रम स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें तैयार की गई योजना को लेकर अगले एक वर्ष में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव विभाग कार्यवाह देवी सिंह मीणा संस्कृतभारती के सहसंयोजक एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन संयोजक संतोष व्यास योगेश पवार श्रीमती अनीता दुबे सक्षम के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह राजपूत सचिव दिनेश चौरे विनोद मुद्गल अखिलेश पाठक विकास अग्रवाल दीपेश दुबे अखिलेश गुप्ता बसंत चौहान विनीत यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात निकट के मंदिर परिसर में पाखड़ और गूलर के पौधों को रोपित किया गया।

# कलेक्टर ने जन समुदाय को दी लू से बचाव के साधन अपनाने की सलाह



नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार माह मई 2025 में तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागो में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समूदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है। इस संबध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने गत दिवस सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रकोप से बचाव के निर्देश जारी किये है।कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने गत दिवस सभी संबंधित विभाग को निर्देश दिये है कि भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा लू से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार आवश्यकतानुसार विधिवत परिवर्तन करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जावें। लू से प्रभावित होने पर प्राथमिक उपचार के लिए उपचार बॉक्स की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। संस्थाओं में शीतल पेय जल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। पेय जल श्रोत के आसपास सफाई एवं स्वछता सुनिश्चित की जावे। अस्पतालों/आपातकालीन सेवा प्रदान करने वाले संस्थाओं/ विभागों का संपर्क के लिए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

लू से बचाव से के लिए आवश्यक निर्देश/ सुझाव बैनर लगाए जावें। लू (तापघात) प्रबंधन के सम्बन्ध में शिक्षकगण विद्यार्थियों को कक्षाओं में अवगत करावें। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिये है कि शहर के ऐसे स्थलों को चिन्हित किया जाये जहाँ भिक्षुक अथवा शारीरिक रूप से कमजोर एवं निश्शक्तजन अधिक संख्या में रहते हों; तथा उन जगहों पर शीतल जल तथा छाया की व्यवस्था की जावे। ऐसे लोगों के लू से प्रभावित होने की स्थिति में इन्हें तत्काल चिकित्सालय पहुँचाने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जावे।

# श्रमिकों को मिला न्याय : श्रम विभाग की सहायता से प्राप्त हुई मेहनत से किये गये कार्य की राशि



नर्मदापुरम (निप्र)। ग्राम आहारखेड़ा माखन नगर में भरतलाल पाटीदार एवं सुनील पाटीदार निवासी नवादा, जिला उज्जैन द्वारा की गई लहसुन की खेती में ग्राम आहारखेड़ा के श्रमिकों ने मेहनत से कार्य किया था। परंतु कार्य के उपरांत श्रमिकों को उनकी मेहनताना राशि का भुगतान नहीं किया गया, जिस पर श्रमिकों द्वारा श्रम विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत की जांच श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने अनावेदक सुनील पाटीदार से वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर मामले की सुनवाई की। सुनवाई के उपरांत श्रमिकों के हित में निर्णय लेते हुए कुल 30,000 रुपए की बकाया मजदूरी का भुगतान श्रमिकों को कराया गया।

# नपा ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की लिस्ट जारी

### सात दिवस के अंदर दावे आपत्ति आमंत्रित

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका में आए आवेदन की सर्चिंग के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्रता रखने वाले हितग्राहियों की आज लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसे नगरपालिका के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। जारी लिस्ट में जिस किसी को आपत्ति हो वह समय सीमा में नगरपालिका में मय दस्तावेज के जानकारी उपलब्ध करा सकता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी एवं नगपालिका के उपयंत्री महेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान 2 मई को आवेदन के पूर्ण परीक्षण के उपरांत पात्रता रखने वालों की सूची सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की गई है। आवेदकों की सूची नगरपालिका के सूचना पटल चस्पा की गई है। जिस पर सात दिवस के अंदर दावे आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# इटारसी के खेडा तालाब का किया जा रहा उन्नयन एवं जीर्णोद्धार

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रहा तालाब का गहरीकरण



इटारसी(निप्र)। जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। अभियान अवधि में जल स्त्रोतों की सफाई और रखरखाव किया जा रहा है जिनमें नदियों, तालाबों और अन्य जल निकायों की सफाई और उनका उचित रखरखाव किया जा रहा है। साथ ही वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए घरों और सार्वजनिक स्थानों पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा जल स्त्रोतों के आसपास और खाली भूमि पर वृक्षारोपण भी किया जा रहा है ताकि मिट्टी के कटाव को रोका जा सके और जल संरक्षण में मदद मिले। अभियान के तहत पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण के महत्व पर कार्यशालाएं, सेमिनार और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरुक किया जा रहा है। यह अभियान विभिन्न सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों के सक्रिय सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

### इटारसी नगर अंतर्गत किया जा रहा खेडा तालाब का उन्नयन एवं निर्माण कार्य

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटारसी नगर के खेडा तालाब का उन्नयन कार्य किया जा रहा है। जिससे वर्षा काल में तालाब में अधिक से अधिक मात्रा में जल संचयन किया जा सके। उन्नयन कार्य अंतर्गत तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है जिससे तालाब की जलभरण क्षमता को बढ़ाया जा सके साथ ही तालाब की साफ सफाई का कार्य भी अभियान अवधि में किया जा रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

### नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा तालाब के आस पास स्टोन पिचिंग कार्य करवाया गया

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में 30 मार्च से लेकर 30 जून 2025 तक जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर-बैनर, रंगोली प्रतियोगिताएं, ग्राम सभाएं और जल चौपाल जैसे जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, जन संगठनों की भागीदारी से कुएं, तालाब, पोखर, नदियों और नालों की सफाई के लिए श्रमदान भी किया जा रहा है।जल स्त्रोतों के भौतिक उन्नयन की दिशा में अभियान अवधि के दौरान कुएं, बावड़ी, तालाब, नहर जैसे पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण एवं पुनरुद्धार कार्य किया जा रहा है ताकि भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

### 7 मई को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होगी राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में 07 मई को प्रात: 11:00 बजे से राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्टर कार्यालय, नर्मदापुरम के सभा कक्ष में सम्पन्न होगी।

बैठक के संबंध में समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने अनुभाग की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

### // आधार कार्ड में सही नाम हेतु विज्ञप्ति //

सूचित किया जाता है कि मैं रितु शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा आयु वयस्क निवासी गौर कॉलोनी मालाखेड़ी, वार्ड नं. 10 गणेशगंज वार्ड मालाखेड़ी नर्मदापुरम मप्र, की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड का क्रमांक-776856138330 में मेरा नाम रितु चौरसिया पुत्री श्री रमाशंकर चौरसिया निवासी विजय कालोनी भावा वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर अंकित था, जो कि मेरी शादी के पूर्व का पता है। अब मैं वर्तमान में मेरे पति के साथ मालाखेड़ी नर्मदापुरम स्थित उपरोक्त पते पर निवास कर रही हूं। जिस कारण मैं अपने आधार कार्ड में रितु शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा आयु वयस्क निवासी गौर कालोनी मालाखेडी वार्ड नं. 10 गणेशगंज नर्मदापुरम मप्र अंकित कराना चाहती हूं। इसकी सत्यता प्रमाणित करने यह विज्ञप्ति प्रकाशित करा रही हूं। मेरे द्वारा दी गई उक्त जानकारी सत्य व सही है। उपरोक्त जानकारी गलत पाई जाती है तो इसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

रितु शर्मा,
गौर कॉलोनी मालाखेड़ी,
वार्ड नं. 10 गणेशगंज वार्ड मालाखेड़ी नर्मदापुरम,
जिला नर्मदापुरम मप्र,

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com